मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित
हिन्दी दैनिक

# उत्तरशक्ति

हर खबर निष्पक्षता के साथ

मुंबई
वर्षः 7 अंक 270
मंगलवार, 22 अप्रैल 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshaktinews.com

## हमारी सरकार जिन नीतियों पर काम कर रही है, वे आगामी 1,000 वर्ष का भविष्य तय करेंगी: पीएम मोदी

**नई दिल्ली, 21 अप्रैल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार जिन नीतियों पर काम कर रही है, वे आगामी 1,000 वर्ष का भविष्य तय करेंगी। मोदी ने यहां सिविल सेवा दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के समग्र विकास का तात्पर्य है कि कोई भी गांव, कोई भी परिवार और कोई भी नागरिक पीछे न छूटे।



उन्होंने कहा, आज हम जिन नीतियों पर काम कर रहे हैं और जो निर्णय ले रहे हैं, वे आगामी 1,000 वर्ष के भविष्य को आकार देंगे। मोदी ने कहा कि भारत का आकांक्षी समाज - युवा, किसान और महिलाएं - और इसके सपने अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा, इन असाधारण आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए असाधारण गति आवश्यक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि शासन की गुणवत्ता इस बात से निर्धारित होती है कि योजनाएं लोगों तक कितनी गहराई से पहुंचती हैं और उनका जमीनी स्तर पर कितना वास्तविक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में भारत धीमी गति के परिवर्तन से आगे बढ़कर अब प्रभावशाली बदलाव देख रहा है। उन्होंने कहा, भारत शासन, पारदर्शिता और नवोन्मेष में नए मानक स्थापित कर रहा है। मोदी ने कहा कि प्रौद्योगिकी के युग में शासन का मतलब प्रणाली का प्रबंधन करने से नहीं है, बल्कि इसका तात्पर्य संभावनाओं को बढ़ाना है। उन्होंने 2023 में भारत द्वारा आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन का जिक्र करते हुए कहा कि जनभागीदारी के दृष्टिकोण ने इस आयोजन को लोगों के आंदोलन में बदल दिया और दुनिया ने इसे स्वीकार किया। उन्होंने कहा, ह्यह्यभारत सिर्फ भाग नहीं ले रहा, बल्कि नेतृत्व कर रहा है। मोदी ने सिविल सेवकों से गरीबों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील होने, उनकी आवाज सुनने, उनकी संवेदनशीलता का सम्मान करने और उनकी समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देने को कहा।

## भारत, अमेरिका के बीच अक्टूबर तक व्यापार समझौते के पहले चरण पर हस्ताक्षर की उम्मीद: निर्मला सीतारमण

**नई दिल्ली, 21 अप्रैल।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि अमेरिका की नयी सरकार के साथ भारत सक्रिय रूप से बातचीत कर रहा है। उन्होंने यह उम्मीद भी जताई कि दोनों देशों के बीच इस साल सितंबर-अक्टूबर तक द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण पर हस्ताक्षर हो जाएंगे।



उन्होंने यहां भारतीय प्रवासियों के साथ बातचीत में कहा, हम उन देशों में शामिल हैं, जो अमेरिका की नयी सरकार के साथ सक्रिय रूप से बातचीत कर रहे हैं। इस साल की शुरूआत में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए बातचीत शुरू करने पर सहमति जताई थी। अमेरिका के जवाबी शुल्क लगाने की आशंका के बीच यह बातचीत हो रही है। वित्त मंत्री ने कहा, हमने यहां सरकार के साथ बातचीत को जो प्राथमिकता दी है, वह फरवरी में प्रधानमंत्री के अमेरिका दौरे से भी स्पष्ट है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री यहां आए थे। मैं यहां इसलिए आई हूं, क्योंकि मुझे आईएमएफ और विश्व बैंक की बैठक में भी शामिल होना है।

सीतारमण ने आगे कहा, मैं यहां अपने समकक्ष वित्त मंत्री से मिलने वाली हूं। हम पूरे उत्साह से अमेरिकी प्रशासन के साथ बातचीत कर रहे हैं। मैं यहां हूं, और अमेरिकी उपराष्ट्रपति भारत में हैं। उन्होंने कहा, उम्मीद है कि अमेरिकी उपराष्ट्रपति आज शाम या कल प्रधानमंत्री से मिलेंगे।

सीतारमण ने कहा कि अमेरिका और भारत ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) का लक्ष्य रखा है, जो एक तरह का मुक्त व्यापार समझौता है। दोनों ने प्रस्तावित बीटीए को दो चरणों में पूरा करने का फैसला किया है।

## 25 अप्रैल से देशव्यापी विरोध प्रदर्शन करेगी कांग्रेस: कुमारी शैलजा

**नई दिल्ली, 21 अप्रैल।** कांग्रेस महासचिव और लोकसभा सांसद कुमारी शैलजा ने सोमवार को नेशनल हेराल्ड मामले में कार्रवाई को ज्वलंत मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने की भाजपा की साजिश करार दिया और घोषणा की कि उनकी पार्टी इस संबंध में 25 अप्रैल से देश भर में रैलियां करेगी। प्रवर्तन निदेशालय ने हाल ही में नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है, जिसमें उन पर 988 करोड़ रुपये की हेराफेरी का आरोप लगाया गया है।



शैलजा ने संवाददाताओं से कहा कि यह भाजपा की साजिश है। यह राजनीतिक बदला है। पिछले साल से चल रहे हमारे 'संविधान बचाओ' अभियान के तहत हम 25 से 30 अप्रैल तक देश भर में रैलियां करने जा रहे हैं। यह 3 से 10 मई के बीच जिला स्तर पर और 11 से 17 मई के बीच विधानसभा क्षेत्र स्तर पर आयोजित किया जाएगा। कांग्रेस की वरिष्ठ दलित नेताओं में से एक शैलजा ने कहा, अभियान के तहत हम 20 से 30 मई तक घर-घर जाकर जनसंपर्क कार्यक्रम चलाएंगे, ताकि भाजपा के गलत सूचना अभियान को दूर किया जा सके, जिसका उद्देश्य लोगों का ध्यान बेरोजगारी, गिरती जीडीपी और सामाजिक अशांति जैसे वास्तविक मुद्दों से भटकाना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में मनी लॉन्ड्रिंग का कोई पहलू नहीं है और कहा कि यह मामला अदालत में टिक नहीं पाएगा।

ईडी की आलोचना करते हुए उन्होंने पूछा कि जांच एजेंसी ने अभी तक एनडीए के किसी सहयोगी या भाजपा नेता को क्यों नहीं छुआ।

## सोनिया, राहुल की प्रतिष्ठा धूमिल करने के लिए किया गया हमला, कांग्रेस लड़ेगी और विफल करेगी: पी चिदंबरम

**नई दिल्ली, 21 अप्रैल।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने सोमवार को आरोप लगाया कि पार्टी के शीर्ष नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी की ईमानदारी तथा प्रतिष्ठा की धूमिल करने के मकसद से नेशनल हेराल्ड मामले में आरोप पत्र दाखिल किया गया।

पूर्व वित्त मंत्री ने यह भी कहा कि सोनिया और राहुल गांधी पर इस राजनीतिक हमले का कांग्रेस पुरजोर विरोध करेगी और इसे नाकाम करेगी। चिदंबरम ने संवाददाताओं से बातचीत में नेशनल हेराल्ड मामले का ब्यौरा दिया और सवाल किया, अपराध कहां है? कहां हैं अपराध की कमाई ? भ्रष्टाचार का पैसा कहां है? कहां है धनशोधन का अपराध?

उन्होंने कहा, मैं समझता हूं कि पीएमएलए अदालत ने अभी तक ईडी की शिकायत (या आरोप पत्र) का संज्ञान नहीं लिया है। उन्होंने दावा किया कि बुनियादी बात यह है कि पैसे का कोई लेन-देन नहीं है। चिदंबरम का कहना था, पैसे के बिना अपराध की कमाई नहीं होती, अपराध की आय के बिना, कोई धनशोधन नहीं होता है। धनशोधन हुए बिना ईडी का कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है।



उन्होंने आरोप लगाया कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी की ईमानदारी और प्रतिष्ठा को निशाना बनाने के लिए सत्ता का खुला दुरुपयोग किया गया है। कांग्रेस नेता ने कहा, इस मामले के तथ्यों से यह स्पष्ट है कि ईडी अपने राजनीतिक आकाओं के इशारे पर प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के नेताओं के खिलाफ प्रतिशोध की कार्रवाई कर रही है।

चिदंबरम ने इस बात पर जोर दिया कि पूरी कांग्रेस पार्टी अपने नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर इस राजनीतिक हमले का विरोध करेगी, लड़ेगी तथा इसे नाकाम करेगी। उन्होंने कि इस मामले में सत्य की जीत होगी और न्याय होगा। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नेशनल हेराल्ड मामले में कथित तौर पर 988 करोड़ रुपये के धनशोधन के लिए यहां एक विशेष अदालत में कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी सहित अन्य के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है।

## यूएई की CARACAL और भारत की ICOMM ने हैदराबाद में अत्याधुनिक लघु शस्त्र उत्पादन शुरू किया

**हैदराबाद।** भारत के रक्षा क्षेत्र ने मेक इन इंडिया के तहत एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। यूएई की CARACAL (EDGE ग्रुप की इकाई) और भारतीय ICOMM (MEIL ग्रुप की सहायक कंपनी) ने हैदराबाद में अत्याधुनिक लघु शस्त्र निर्माण केंद्र शुरू किया है। यह केंद्र मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत योजनाओं का हिस्सा है। यह प्रोजेक्ट यूएई से भारत में रक्षा प्रौद्योगिकी हस्तांतरण का पहला उदाहरण है। मुख्य विशेषताएं: इस अत्याधुनिक केंद्र में CARACAL के आधुनिक हथियारों का उत्पादन होगा, जिनमें रायफल, स्नाइपर रायफल, सबमशीन गन और लड़ाकू पिस्तौल शामिल हैं।




प्रमुख हथियार: • CAR 816 क्लोज-क्वार्टर बैटल रायफल • CSR 338 स्नाइपर रायफल • CMP9 सबमशीन गन उपयोग: ये हथियार भारतीय सेना, अर्धसैनिक बल, विशेष बल, राज्य पुलिस और अंतर्राष्ट्रीय निर्यात की जरूरतों को पूरा करेंगे।

ICOMM और CARACAL की भूमिकाएं: ICOMM के प्रबंध निदेशक सुमंत पटुरू ने कहा, यह केंद्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत दृष्टिकोण का प्रतीक है। यह आयात पर निर्भरता को कम करेगा और भारत को आत्मनिर्भरता की ओर ले जाएगा।

CARACAL के CEO हमाद अलमेरी ने इस पहल को भारतीय रक्षा उद्योग की प्रगति का एक महत्वपूर्ण चरण बताया। उन्होंने कहा, यह साझेदारी भारतीय रक्षा क्षेत्र के विकास को गति देगी। महत्व: भारतीय कौशल और यूएई की तकनीक का समावेश: भारत के वैश्विक स्तर पर रक्षा उत्पादन क्षमताओं को बढ़ावा देगा। आत्मनिर्भर भारत की दिशा में कदम: स्थानीय उत्पादन बढ़ेगा और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता मजबूत होगी।

•निर्यात क्षमता: भारत अब उच्च गुणवत्ता वाले हथियारों का वैश्विक स्तर पर निर्यात कर सकेगा।




### कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने पोप फ्रांसिस के निधन पर शोक व्यक्त किया

**कर्नाटक।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने सोमवार को पोप फ्रांसिस के निधन पर शोक व्यक्त किया और कहा कि उनका जीवन गरीबों के लिए करुणा और दुनिया के लिए उम्मीद था। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में सिद्धरमैया ने कर्नाटक और दुनिया भर के ईसाई समुदाय के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने लिखा, शांति और करुणा के प्रतीक पोप फ्रांसिस के निधन से बेहद दुखी हूं। उनका जीवन गरीबों के लिए करुणा और दुनिया के लिए उम्मीद था। मैं कर्नाटक और पूरी दुनिया के ईसाई समुदाय के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट करता हूं। पोप फ्रांसिस का सोमवार सुबह 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया।






# मानव सभ्यता को बचाने के लिये पृथ्वी संरक्षण जरूरी



-ललित गर्ग

## विश्व पृथ्वी दिवस-22 अप्रैल 2025

प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, जलवायु परिवर्तन से निपटने और जैव विविधता संकट को रोकने के लिए कार्रवाई का एक क्रांतिकारी आह्वान है पृथ्वी दिवस जो पूरे विश्व में 22 अप्रैल को मनाया जाता है। पृथ्वी या सृष्टि के संरक्षण और स्थिरता के लिए जागरूकता पैदा करना इसलिये आवश्यक हो गया कि जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और वनों की कटाई के कारण प्रकृति एवं पर्यावरण पर गहरे संकट है। वर्ष 2025 में इस दिवस की थीम है हमारी शक्ति, हमारा ग्रह, जो यह स्पष्ट करता है कि जलवायु परिवर्तन और हमारे पर्यावरण के दुरुपयोग से निपटने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा की तत्काल आवश्यकता है। हमारे स्वास्थ्य, हमारे परिवारों, हमारी आजीविका और हमारी धरती को एक साथ संरक्षित करने का समय आ गया है। पृथ्वी दिवस आधुनिक पर्यावरण आंदोलन की वर्षगांठ का प्रतीक है, जो पहली बार सन् 1970 में मनाया गया था। इसका उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील एवं पृथ्वी के संरक्षण के लिये जागरूक करना है। दुनिया में पृथ्वी के विनाश, प्रकृति प्रदूषण एवं जैविक संकट को लेकर काफी चर्चा हो रही है। 190 से अधिक देशों को पृथ्वी दिवस में शामिल करते हुए एक वैश्विक आंदोलन बन गया है जो प्लास्टिक प्रदूषण, नवीकरणीय संसाधन, ग्लोबल वार्मिंग और टिकाऊ जीवन जैसी प्रमुख पर्यावरणीय चिंताओं की ओर ध्यान आकर्षित करता है। वृक्षारोपण, सफाई अभियान, शैक्षिक अभियान और वकालत वैश्विक स्तर पर सरकारों, संगठनों, स्कूलों और समुदायों द्वारा की जाने वाली गतिविधियों में से हैं। इसका उद्देश्य लोगों को पर्यावरण की दृष्टि से अधिक सही निर्णय लेने तथा पृथ्वी के अनुकूल नीतियों के पक्ष में खड़ा करता है और इस बात पर जोर देता है कि आपकी उम्र चाहे जो भी हो या आप कहीं भी रहते हों, आप पृथ्वी को अधिक स्वस्थ और टिकाऊ बनाने में योगदान दे सकते हैं और ऐसा करते हुए शांति की स्थापना एवं शांतिपूर्ण जीवन को सुदृढ़ बना सकते हैं। इस दिवस के माध्यम से ऐसे विचारों एवं जीवनशैली को संगठित करना है जिससे पर्यावरण नीति निमार्ता सरकारों को प्रेरित करें ताकि पर्यावरणीय स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के लिए कानूनों और प्रथाओं में बदलाव हो सके एवं वैज्ञानिक नवाचारों और हरित प्रौद्योगिकियों के विचार को बल देते हुए पर्यावरण को होने वाले नुकसान को कम करने और भविष्य में स्थिरता बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठा सके।

आज विश्व भर में हर जगह प्रकृति का दोहन एवं शोषण जारी है। जिसके कारण पृथ्वी पर अक्सर उत्तरी ध्रूव की ठोस बर्फ का कई किलोमीटर तक पिघलना, सूर्य की पराबैंगनी किरणों को पृथ्वी तक आने से रोकने वाली ओजोन परत में छेद होना, भयंकर तूफान, सुनामी और भी कई



प्राकृतिक आपदाओं का होना आदि ज्वलंत समस्याएं विकराल होती जा रही है, जिसके लिए मनुष्य ही जिम्मेदार हैं। ग्लोबल वार्मिग के रूप में जो आज हमारे सामने हैं। ये आपदाएँ पृथ्वी पर ऐसे ही होती रहीं तो वह दिन दूर नहीं जब पृथ्वी से जीव-जन्तु व वनस्पति का अस्तिव ही समाप्त हो जाएगा। जीव-जन्तु अंधे हो जाएंगे। लोगों की त्वचा झुलसने लगेगी और कैंसर रोगियों की संख्या बढ़ जाएगी एवं अनेक नयी-नयी व्याधियां रह-रहकर जीवन संकट का कारण बनती रहेगी। इसीलिये विश्व पृथ्वी दिवस की आज ज्यादा प्रासंगिकता एवं उपयोगिता है। यह दीर्घकालिक परिवर्तन को संभव बनाने की दिशा में काम करेगा क्योंकि यह पर्यावरण जागरूकता की संस्कृति को विकसित करता है और वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों को पृथ्वी का सक्रिय संरक्षक बनने के लिए सशक्त बनाता है।

जिस पृथ्वी को हम माँ का दर्जा देते हैं उसे हम खुद अपने ही हाथों दूषित करने में कैसे लगे रहते हैं? आज जलवायु परिवर्तन पृथ्वी के लिए सबसे बड़ा संकट बन गया है। अगर पृथ्वी के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिन्ह लग जाए तो मानव जीवन कैसे सुरक्षित एवं संरक्षित रहेगा? पृथ्वी है तो सारे तत्व हैं, इसलिये पृथ्वी अनमोल तत्व है। इसी पर आकाश है, जल, अग्नि, और हवा है। इन सबके मेल से प्रकृति की संरचना सुन्दर एवं जीवनमय होती है। अपने-अपने स्वार्थ के लिए पृथ्वी पर अत्याचार रोकना होगा और कार्बन उत्सर्जन में कटौती पर ध्यान केंद्रित करना होगा। अतिशयोक्तिपूर्ण ढंग से औद्योगिक क्रांति पर नियंत्रण करना होगा, क्योंकि उन्हीं के कारण कार्बन उत्सर्जन और दूसरी तरह के प्रदूषण में बढ़ोतरी हुई है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में कई प्रजाति के जीव-जंतु, प्राकृतिक स्त्रोत एवं वनस्पति विलुप्त हो रहे हैं, जिससे पृथ्वी असंतुलित हो रही है। विलुप्त होते जीव-जंतु और वनस्पति की रक्षा के लिये विश्व-समुदाय को जागरूक करने के लिये ही इस दिवस को मनाया जाता है।

आज चिन्तन का विषय न तो रूस-यूक्रेन युद्ध है, न अमेरिका का टैरिफ वार है और न मानव अधिकार, न कोई विश्व की राजनैतिक घटना और न ही किसी देश की रक्षा का मामला है। चिन्तन एवं चिन्ता का एक ही मामला है लगातार विकराल एवं भीषण आकार ले रही गर्मी, सिकुड़ रहे जलस्त्रोत, विनाश की ओर धकेली जा रही पृथ्वी एवं प्रकृति के विनाश के प्रयास। बढ़ती जनसंख्या, बढ़ता प्रदूषण, नष्ट होता पर्यावरण, दूषित गैसों से छिद्रित होती ओजोन की ढाल, प्रकृति एवं पर्यावरण का अत्यधिक दोहन- ये सब पृथ्वी एवं पृथ्वीवासियों के लिए सबसे बडे.खतरे हैं और इन खतरों का अहसास करना ही विश्व पृथ्वी दिवस का ध्येय है। प्रतिवर्ष धरती का तापमान बढ़ रहा है। आबादी बढ़ रही है, जमीन छोटी पड़ रही है। हर चीज की उपलब्धता कम हो रही है। आक्सीजन की कमी हो रही है। साथ ही साथ हमारा सुविधावादी नजरिया एवं जीवनशैली पृथ्वी और उसके पर्यावरण एवं प्रकृति के लिये एक गंभीर खतरा बन कर प्रस्तुत हो रहा हैं।

जल, जंगल और जमीन इन तीन तत्वों से पृथ्वी और प्रकृति का निर्माण होता है। यदि यह तत्व न हों तो पृथ्वी और प्रकृति इन तीन तत्वों के बिना अधूरी है। विश्व में ज्यादातर समृद्ध देश वही माने जाते हैं जहां इन तीनों तत्वों का बाहुल्य है। आधुनिकीकरण के इस दौर में जब इन संसाधनों का अंधाधुन्ध दोहन हो रहा है तो ये तत्व भी खतरे में पड़ गए हैं। अनेक शहर पानी की कमी से परेशान हैं। कत्लखानों में कटती गायों की निरीह आहें जिसे बेचैन कर देती थी। जो वन्य पशु-पक्षियों को खदेड़कर अपनी बस्तियों बनाने का बौना स्वार्थ नहीं पालता था। अब वही मनुष्य अपने स्वार्थ एवं सुविधावाद के लिये सही तरीके से प्रकृति का संरक्षण न कर पा रहा है और उसके कारण बार-बार प्राकृतिक आपदाएं कहर बरपा रही है। रेगिस्तान में बाढ़ की बात अजीब है, लेकिन हमने राजस्थान में अनेक शहरों में बाढ़ की विकराल स्थिति को देखा हैं। वह दिन दूर नहीं होगा, जब हमें शुद्ध पानी, शुद्ध हवा, उपजाऊ भूमि, शुद्ध वातावरण एवं शुद्ध वनस्पतियाँ नहीं मिल सकेंगी। इन सबके बिना हमारा जीवन जीना मुश्किल हो जायेगा।

आज पॉलीथीन पृथ्वी के लिये सबसे बड़ा सिरदर्द बन गई है। इसके नष्ट न होने के कारण भूमि की उर्वरक क्षमता खत्म हो रही है। इनको जलाने से निकलने वाला धुआँ ओजोन परत को भी नुकसान पहुँचाता है जो ग्लोबल वार्मिग का बड़ा कारण है। देश में प्रतिवर्ष लाखों पशु-पक्षी पॉलीथीन के कचरे से मर रहे हैं। हमें वर्षा के जल को पुनः उपयोग में लाने वाली प्रणाली को विकसित करना होगा। हमें बिजली की बबार्दी को भी रोकना होगा अन्यथा वह दिन दूर नहीं है जब हम अंधेरे में ही अपना जीवन-यापन करने को मजबूर हो जायेंगे। हमें कागज के उपयोग को सीमित करना होगा, क्योंकि कागज पेड़ों की लकड़ी से बनता है जिसके लिए हमें बड़ी संख्या में पेड़ काटने पड़ते हैं। आजकल भूमि भी जहरीली होती जा रही है जिससे उसमें उगने वाली वनस्पतियों में विषाक्तता बढ़ती जा रही है। प्रकृति से सहज रिश्ता कायम हो। जीवन शैली में बदलाव आये। हर क्षेत्र में संयम की सीमा बने। हमारे दिमागों में भी जो स्वार्थ एवं सुविधावाद का शैतान बैठा हुआ है, उस पर अंकुश लगे। अन्यथा निकट भविष्य में मानव सभ्यता का अंत दिखाई दे रहा है।

# पाकिस्तान की हालत अब टुकड़े-टुकड़े होने तक पहुंची



अशोक भाटिया

पाकिस्तान की हालत अब टुकड़े - टुकड़े होने तक पहुंची

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (PoK) के गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र में जनाक्रोश लगातार बढ़ रहा है। यह क्षेत्र बुनियादी सुविधाओं, बिजली, स्वास्थ्य सेवाओं और रोजगार की कमी से जूझ रहा है, जिसके कारण स्थानीय लोग सड़कों पर उतर आए हैं। वर्तमान में, लोग सरकार से बिजली, स्वास्थ्य सेवाएं और अन्य बुनियादी जरूरतों की बहाली की मांग कर रहे हैं। विरोध प्रदर्शन लगातार बढ़ रहे हैं, और विरोध करने वालों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। लोग गर्मी के बावजूद अपनी आवाज उठाने के लिए सड़कों पर हैं। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी सभी मांगें पूरी नहीं होतीं, उनका आंदोलन जारी रहेगा। प्रदर्शनकारियों कह रहे हैं कि पाकिस्तान के टुकड़े-टुकड़े होने का वक्त आ गया है।

दरअसल पाकिस्तान के टूटने की शुरूआत साल 1971 में हो गई थी, जब भारत की मदद से बांग्लादेश बना. इसके बनने के पीछे भी 24 सालों का असंतोष था. उसके बाद पीओके . सिंधुदेश की मांग व बलूचिस्तान की मांग ने पाकिस्तान के नाक में दम कर रखा है। सिंधुदेश की मांग की तो इसको लेकर हालिया हुई रैली में प्रदर्शनकारियों के हाथों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई विश्व के कई बड़े नेताओं की तस्वीरें नजर आईं। प्रदर्शनकारियों ने सिंध प्रांत को अलग देश बनाने की मांग के मामले में विश्व के नेताओं से दखल देने की अपील की है ।सिंधु देश की मांग की कहानी 1947 से जुड़ी है। भारत को आजादी मिलने के बाद सिंधु क्षेत्र पाकिस्तान में चला गया और पाकिस्तान के चार प्रांतों में से एक बन गया । अलग सिंधु देश की मांग 1967 से शुरू हुई जब पाकिस्तान सरकार ने यहां के निवासियों के ऊपर उर्दू भाषा थोप दी। यहां के लोगों ने इसका विरोध किया और इसके फलस्वरूप सिंधी अस्मिता का जन्म हुआ। इन्होंने अपनी भाषा और संस्कृति की दुहाई दी और लोगों को एकजुट किया. इस मुहिम में सिंधी हिन्दू और सिंधी मुसलमान दोनों शामिल हुए। 'सिंधु देश' जिसका शाब्दिक अर्थ होता है सिंधियों के लिए अलग देश। सिंधु देश एक विचार है जो पाकिस्तान के सिंध प्रांत में बसे और दुनिया भर में फैले सिंधियों का एक सपना है। ये सिंधी दुनिया दूसरे एथनिक समुदायों की तरह अपने लिए एक अलग होमलैंड की मांग करते आ रहे हैं। जैसे कुर्द अपने लिए अलग देश की मांग करते हैं। यहूदी समुदाय के लोगों ने इजरायल नाम का अपना देश बनाया है। उसी तरह सिंधी पाकिस्तान के अंदर एक निश्चित भूभाग में अपने लिए एक स्वतंत्र और सार्वभौम मातृभूमि चाहते हैं। भारत से अलग होकर 19 47 में बने पाकिस्तान के लिए समस्याएं कभी खत्म होने का नाम नहीं लेती हैं । दुनियाभर के कर्ज में डूबे पाकिस्तान में अगर आपको आने वाले कुछ वर्षों में गृहयुद्ध की स्थिति बनती दिखाई दे, तो चौंकने वाली बात नहीं होगी। उर्दू को पाकिस्तान की सरकारी भाषा बनाने की घोषणा के साथ ही पाकिस्तान में अलगाववाद के बीज पनपने लगे थे ।लोगों पर जबरदस्ती उर्दू भाषा थोपी गई। बांग्लाभाषी बहुल पूर्वी पाकिस्तान इसी फैसले के चलते अब अलग देश बनकर बांग्लादेश के रूप में आपके सामने है। वहीं, पाकिस्तान में अगस्त, 1947 के बाद से अब तक बनी सभी सरकारों ने मानवाधिकारों को एक अलग खूंटी पर टांग दिया। बात पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर की हो या बलूचिस्तान या फिर सिंधु प्रांत की। पाकिस्तानी सरकारों ने इन सभी जगहों से उठने वाली आवाजों का वर्षों से दमन किया है ।पाकिस्तानी फौज के बलूचिस्तान में किए जा रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने वाली एक्टिविस्ट करीमा बलोच की कनाडा में हुई हत्या इसका एक ताजा उदाहरण है।

फिलहाल पाकिस्तान के सिंध प्रांत में सबसे ज्यादा हिंदू आबादी रहती है। पाकिस्तान की कुल हिंदू आबादी का करीब 95 फीसदी सिंध प्रांत में हैं। पाकिस्तान के उत्पीड़न से त्रस्त इन लोगों ने अब वैश्विक नेताओं से गुहार लगाई है. वहीं, प्रदर्शनकारियों के हाथ में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर होने के पीछे एक बड़ी वजह है। कश्मीर की स्थिति को लेकर हुई एक सर्वदलीय बैठक में मोदी ने कहा था कि समय आ गया है, अब पाकिस्तान को विश्व के सामने बलूचिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में लोगों पर हो रहे अत्याचारों का जवाब देना होगा। मोदी के इस बयान के चलते बलोच आंदोलन को अंतरराष्ट्रीय मीडिया में काफी तवज्जो मिली थी। इसके बाद 2016 में भारत के 70वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले की प्राचीर से बलूचिस्तान, गिलगित और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के लोगों का आभार व्यक्त किया था। दरअसल, पीएम मोदी के बयान के बाद पाकिस्तान में जुल्मो-सितम झेल रहे इन हिस्सों के लोगों ने उनकी आवाज उठाने के लिए मोदी को सोशल मीडिया पर धन्यवाद दिया था।

हाल ही में पाकिस्तान के सिंध प्रांत के जमसोरो जिले में जीएम सैयद के गृहनगर सान कस्बे में हुई रैली में लोगों ने आजादी के लिए नारे लगाए गए. प्रदर्शनकारियों ने इस दौरान दावा सीधे तौर पर कहा- सिंध, सिंधु घाटी सभ्यता और वैदिक धर्म का घर है. ब्रिटिश साम्राज्य ने इस पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया था और 1947 में पाकिस्तान के इस्लामी हाथों में दे दिया था। अलग सिंधुदेश की मांग को विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्लेटफार्मों पर उठाया जा रहा है। इन लोगों का मानना है कि पाकिस्तान ने सिंध प्रांत पर जबरन कब्जा कर रखा है। साथ ही पाकिस्तान संसाधनों का दोहन और मानवाधिकारों के जमकर उल्लंघन करता है। जिये सिंध मुत्ताहिदा महाज के चेयरमैन मुहम्मद बरफात ने कहा कि हमारी संस्कृति और इतिहास पर हुए दशकों से जारी हमलों के बावजूद हमने अपनी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान को बचाकर रखा है। हम आज भी बहुलतावादी, सहिष्णु और सौहार्दपूर्ण समाज हैं, जो मानव सभ्यता को बचाकर रखे हुए है।

पाकिस्तान के निर्माण के बाद से ही बलूचिस्तान, गिलगित और पाक अधिकृत कश्मीर में असंतोष बढ़ने लगा था। पाकिस्तानी हुकूमत पर पंजाबी वर्ग के वर्चस्व से लेकर मानवाधिकारों के उल्लंघन तक पाक के नापाक इरादों की एक लंबी दास्तान है। इन सबके बीच अब चीन-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर के चलते भी पाक में भारी असंतोष फैल रहा है। पाकिस्तान के इन हिस्सों की आवाम अब खुलकर अपना विरोध दर्शा रही है। बीते कुछ वर्षों में भारत की वर्तमान मोदी सरकार पर इन लोगों का भरोसा बढ़ा है। ऐसे में अलगाववादी रैली में प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीर नजर आने से पाकिस्तान की पेशानी पर फिर से बल पड़ सकते हैं। अब देखना यह है कि अलग सिंध देश की मांग से क्या पाकिस्तान के टुकडे होंगे ? होंगे तो कितने होंगे ? सिंध देश यदि अलग बन जाता है तो वहां रहने वाले सिन्धी हिन्दुओं को इसका कितना लाभ मिल सकेगा? सिन्धु देश की मांग के आलावा साल 1947 में पाकिस्तान के बनने के साथ ही बलूच मुद्दे ने उसकी नाक में दम कर रखा है। आएदिन बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी की खबरें आती हैं कि उसने अपने यहां कोई धमाका कर दिया, जिसमें पाकिस्तान सरकार या चीन के लोग मारे गए। इसके अलावा भी कई चरमपंथी संगठन हैं, जो बलूच आजादी चाहते हैं ।दरअसल ये पाकिस्तान का वो हिस्सा है, जो कभी भी सरकार के बस में नहीं रहा। इसकी दो वजहें हैं- एक, पाकिस्तान ने धोखे से उसे अपने साथ मिला लिया। और दूसरा, बलूचिस्तान मानता है कि पाकिस्तान उसके साथ सौतेला व्यवहार करता रहा।

पाकिस्तान अधिकृत बलूचिस्तान की लीडर डॉ नायला कादरी हाल ही में हरिद्वार पहुंची। बलूच आजादी की मांग के चलते अपने ही देश से निर्वासित डॉ कादरी ने खुद को बलूचिस्तान की प्रधानमंत्री की तरह पेश करते हुए मां गंगा से अपने देश की आजादी की मांग की। साथ ही उन्होंने बताया कि कैसे पाकिस्तान की सरकार बलूच लोगों पर जुल्म करती है। उनका कहना है कि गैस, कोयला, तांबा और कोयला जैसे कच्चे माल में बेहद संपन्न होने के बाद भी हमारा इलाका काफी गरीब है। यहां तक कि स्कूल और अस्पताल जैसी बेसिक जरूरतें भी वहां पूरी नहीं हो पा रहीं। पाकिस्तान ने अपने कर्ज चुकाने के लिए यहां की खदानों को चीन को लीज पर दे दिया। ये बलूच लोगों पर दोहरी मार थी। वे मानने लगे कि उन्हें पाकिस्तान और चीन दोनों मिलकल लूट रहे हैं। उनके गुस्से को हवा मिली, जब साल 2006 में मौजूदा सरकार उनके कबीलाई सिस्टम को ध्वस्त करने लगी। इसके बाद से बलूच आजादी की मांग हिंसक होने लगी। अब बागी अपने यहां रहते चीनियों को नुकसान पहुंचाकर पाकिस्तान को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। कई बार चीनियों के ठिकानों पर वे हमला करते रहते हैं।

इसके आलावा गिलगित-बाल्टिस्तान पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (ढक्ष्ड) का सबसे उत्तरी इलाका है। यहां पर भी लंबे समय से आजादी की मांग चल रही है। चरमपंथी संगठनों ने अपने देश का नाम भी तय कर रखा है- बलवारिस्तान यानी ऊंचाइयों का देश। ये इसलिए क्योंकि ये पूरा इलाका ही पहाड़ों और वादियों का है ।समय-समय पर यहां आंदोलन होते रहे। यहां के नेताओं का आरोप है कि पाकिस्तान का सबसे शानदार टूरिस्ट स्पॉट होने के बाद भी वो उन्हें ज्यादा प्रमोट नहीं करती। सरकारी योजनाएं भी यहां पूरी तरह से लागू नहीं होतीं। यही देखते हुए गिलगित-बाल्टिस्तान की मांग होती रही। लेकिन सरकार लगातार इसके लीडर्स को खूनी संघर्ष में खत्म करती रही।

इसके अलावा भी पूरे देश में छिटपुट हिस्सों में अलगाववाद पनपता रहा। यहां तक कि देश के विभाजन के कुछ समय बाद आए मुस्लिमों को भी वहां स्वीकारा नहीं जा रहा। ये लोग मुहाजिर कहलाते और योजनाओं से दूर रखे जाते हैं। ये भी मुहाजिर सूबे की मांग बीच-बीच में कर लेते हैं। वैसे ये उस तरह के एक्सट्रीम नहीं हैं, जिनपर पाकिस्तान परेशान रहे। अफगानिस्तान में तालिबान आने के बाद से पाकिस्तान का डर और बढ़ा क्योंकि यहां मौजूद पश्तून आबादी अफगानिस्तान का हिस्सा बनने की बात करती आई है। अगर ऐसा हुआ तो लगभग पूरा खैबर पख्तूनख्वा अलग हो जाएगा और पाकिस्तान को टुकड़ों झ टुकड़ों में बनने से कोई रोक नहीं सकता ।

# भाषा में सादगी, फैसलों में कानूनी तर्क है जिनकी पहचान



-अजय कुमार

## 52 वें सीजेआई गवई लेंगे 14 को शपथ

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना का नाम आजकल एक हर की जुबान पर चढ़ा हुआ है। वह मोदी सरकार द्वारा वक्फ कानून में किये गये बदलाव पर सुनवाई कर रहे हैं ।शुरूआती दो दिन की सुनवाई के दौरान जस्टिस खन्ना ने जिस तरह से विधायिका में बनाये गये कानून के खिलाफ सख्त टिप्पणी की उसके बाद उनके ऊपर कई नेता और न्यायविद्व हमलावर हैं। आम जनता भी सवाल खड़े कर रही है,कहा यह भी जा रहा है कि जस्टिस खन्ना मामले की सुनवाई में काफी तेजी दिखा रहे हैं,इसकी वजह में जाकर देखा जाये तो पता चलता है कि खन्ना 13 मई को रिटायर्ड हो रहे हैं। शायद वह अपने रिटायर्डमेंट से पूर्व इस केस को किसी अंजाम तक पहुंचा देना चाहते हों। यदि ऐसा नहीं हुआ तो उनके सेवानिवृत होने के बाद अगले चीफ जस्टिस यह मुकदमा सुनेंगे। अलगे मुख्य न्यायाधीश के रूप में न्यायविद भूषण रामकृष्ण गवई को 14 मई को 52 वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में पदभार ग्रहण करना है। करीब सवा छह महीने यानी 23 नवंबर 2025 तक मुख्य न्यायाधीश के रूप में जस्टिस गवई अपनी जिम्मेदारी निभायेंगे।

जस्टिस गवई अनुसूचित जाति से आते हैं। इससे पूर्व जस्टिस केजी बालकृष्ण 2007 से 2010 तक मुख्य न्यायाधीश रहे थे। बालकृष्ण भी दलित समाज से ताल्लुक रखते थे। अभी तक दलित समाज से सिर्फ दो ही मुख्य न्यायाधीश बने हैं। बहरहाल, अपने न्यायिक कार्यों का संपादन करने के दौरान जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में एक ऐसे व्यक्तित्व के रूप में उभर कर सामने आए हैं, जिनकी यात्रा साधारण पृष्ठभूमि से निकलकर सर्वोच्च न्यायालय के शीर्ष पद तक पहुँचने वाली है। उनकी कहानी न केवल प्रेरणादायक है बल्कि भारतीय लोकतंत्र में सामाजिक न्याय और समावेशिता की दिशा में एक सकारात्मक संकेत भी है। जब वे 14 मई 2025 को भारत के 52 वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में पदभार ग्रहण करेंगे, तब वे दलित समुदाय से आने वाले केवल दूसरे व्यक्ति होंगे जो इस सर्वोच्च संवैधानिक पद पर पहुंचेंगे।

भूषण गवई का जन्म 24 नवंबर 1960 को महाराष्ट्र के अमरावती जिले में हुआ था। उनके पिता रावसाहेब गवई एक प्रमुख राजनीतिज्ञ थे और बाबासाहेब आंबेडकर की विचारधारा से प्रभावित थे। ऐसे वातावरण में पले-बढ़े भूषण गवई ने नागपुर विश्वविद्यालय से कानून की पढ़ाई की और 1985 में बॉम्बे हाईकोर्ट में वकालत शुरू की। प्रारंभिक वर्षों में उन्होंने प्रमुख अधिवक्ता और न्यायाधीश राम रेड्डी के अधीन अभ्यास किया, जिससे उन्हें न्याय की गहराई और संवैधानिक मूल्य समझने का अवसर मिला।

गवई को वकालत में सफलता के बाद, 14 नवंबर 2003 को बॉम्बे हाईकोर्ट में न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया था। अगले 16 वर्षों तक उन्होंने इस पद पर रहते हुए असंख्य महत्वपूर्ण मामलों की सुनवाई की। उनकी न्यायिक दृष्टि में न केवल कानूनी बारीकियों की गहरी समझ थी, बल्कि सामाजिक संदर्भों का भी विशेष स्थान था। वे हमेशा इस बात के पक्षधर रहे कि न्याय केवल कानून की किताबों तक सीमित न रहे, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे।

2019 में उन्हें भारत के सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीश नियुक्त किया गया। यह नियुक्ति न केवल उनके लिए व्यक्तिगत सम्मान थी, बल्कि एक संकेत भी था कि भारतीय न्यायपालिका में विविधता और प्रतिनिधित्व का महत्व बढ़ रहा है। सुप्रीम कोर्ट में रहते हुए उन्होंने कई ऐतिहासिक और संवेदनशील मामलों की सुनवाई में भाग लिया। इनमें 2016 की नोटबंदी की संवैधानिक वैधता, अनुच्छेद 370 की समाप्ति, और चुनावी बांड योजना शामिल हैं। नोटबंदी के मामले में वे बहुमत की उस राय का हिस्सा रहे, जिसने सरकार के फैसले को सही ठहराया। उन्होंने यह तर्क दिया कि इस निर्णय की प्रक्रिया में भारतीय रिजर्व बैंक को विश्वास में लिया गया था और इसीलिए इसे असंवैधानिक नहीं माना जा सकता।

हाल ही में जब चुनावी बांड योजना पर फैसला देने वाली पीठ का गठन हुआ, तो जस्टिस गवई ने खुद को उस पीठ से अलग कर लिया। यह फैसला दशार्ता है कि वे न्यायिक नैतिकता और निष्पक्षता को कितनी गंभीरता से लेते हैं। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि उन्हें उस मामले में बैठना उचित नहीं लगेगा, जिससे हितों के टकराव की आशंका हो। यह उदाहरण उनके चरित्र की पारदर्शिता और सिद्धांतवादी सोच को दशार्ता है। सुप्रीम कोर्ट में उनके कार्यकाल के दौरान उन्होंने सामाजिक न्याय से जुड़े मामलों में विशेष रुचि दिखाई। उन्होंने विशेष रूप से उन मामलों में मजबूत टिप्पणी की, जहां नागरिकों के मूल अधिकारों का उल्लंघन हुआ हो या समाज के हाशिए पर रह रहे वर्गों को न्याय नहीं मिल पा रहा हो। उनकी भाषा में सादगी होती है, लेकिन उनके फैसलों में कानूनी तर्क और मानवीय दृष्टिकोण का गहरा संतुलन देखा जा सकता है।

नवंबर 2024 में गवई को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस भूमिका में उन्होंने गरीबों, वंचितों, महिलाओं, ट्रांसजेंडर व्यक्तियों और दिव्यांग नागरिकों के लिए मुफ्त कानूनी सहायता को प्रभावी बनाने के लिए ठोस प्रयास किए। उनका मानना रहा है कि न्याय तब तक सार्थक नहीं हो सकता जब तक वह हर व्यक्ति तक समान रूप से न पहुंचे। उन्होंने लोक अदालतों, ई-कोर्ट्स और विधिक साक्षरता कार्यक्रमों को बढ़ावा देने की नीति अपनाई।

जस्टिस कार्यशैली में एक विशेष गुण यह है कि वे कोर्टरूम की गरिमा बनाए रखते हुए सभी वकीलों को धैर्यपूर्वक सुनते हैं। वे तकनीकी पक्षों की गहन पड़ताल करते हैं, लेकिन साथ ही यह भी सुनिश्चित करते हैं कि न्याय में देरी न हो। उनकी भाषा संयमित होती है, लेकिन जब बात संवैधानिक नैतिकता की आती है, तो वे कठोर भी हो सकते हैं। यह संतुलन ही उन्हें एक प्रभावी न्यायाधीश बनाता है। जब वे 14 मई 2025 में भारत के मुख्य न्यायाधीश बनेंगे, तब उनके सामने कई महत्वपूर्ण चुनौतियाँ होंगी। न्यायिक प्रणाली में लंबित मामलों की संख्या कम करना, ई-गवर्नेंस को न्यायपालिका में और सुदृढ़ बनाना, तथा न्याय तक समान पहुंच सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल हो सकता है। उनके नेतृत्व में न्यायपालिका में तकनीक के अधिक प्रयोग और कानूनी प्रक्रियाओं के सरलीकरण की दिशा में ठोस पहल की उम्मीद की जा रही है।

उनका कार्यकाल भले ही 6 महीने का होगा, लेकिन उनकी न्यायिक सोच और दृष्टिकोण इस छोटे से समय में भी प्रभाव छोड़ने में सक्षम हैं। वे जिस सामाजिक पृष्ठभूमि से आते हैं, वह उन्हें न्यायपालिका के उस पक्ष से जोड़ता है जिसे अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है द यानी समाज के सबसे कमजोर तबके।

कुल मिलाकर जस्टिस भूषण गवई की कहानी न केवल एक व्यक्ति की न्यायपालिका के शीर्ष तक पहुंचने की यात्रा है, बल्कि यह भारतीय न्याय व्यवस्था के भीतर बदलाव की एक संकेत भी है। वह बदलाव जो समावेशिता, पारदर्शिता और सामाजिक न्याय की नींव पर आधारित है। आने वाले समय में भारत की न्यायपालिका को उनके अनुभव, संवेदनशीलता और संविधान के प्रति प्रतिबद्धता से बहुत लाभ मिलने की संभावना है। उनका नेतृत्व यह तय करेगा कि कानून का शासन न केवल किताबों में, बल्कि जमीन पर भी महसूस किया जाए।

# राहुल गांधी की विदेश में जहरीली जुबान, भारत की साख पर वार



-संजय सक्सेना

कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी एक बार फिर विदेशी धरती से भारत की संवैधानिक संस्थाओं और लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर विवादों में आ गए हैं। अमेरिका यात्रा के दौरान बोस्टन यूनिवर्सिटी में दिए गए उनके बयान ने सियासी हलकों में एक बार फिर उबाल ला दिया है। राहुल गांधी ने भारतीय चुनाव आयोग पर समझौता करने का आरोप लगाया और कहा कि महाराष्ट्र में हुए चुनावों में धांधली हुई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और उनके सहयोगियों को जिताने के लिए चुनाव आयोग ने पक्षपात किया।

राहुल गांधी के इस बयान पर भारतीय जनता पार्टी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और सांसद संबित पात्रा ने दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल गांधी पर गंभीर आरोप लगाए। पात्रा ने कहा कि राहुल गांधी देश के लोकतंत्र को बदनाम करने का कोई मौका नहीं छोड़ते और अब वे अमेरिका जाकर भारत को बदनाम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी यह क्यों भूल जाते हैं कि उसी समय झारखंड में भी चुनाव हुए थे, और वहां कांग्रेस व सहयोगियों की सरकार बनी थी। क्या वहां भी चुनाव आयोग से कोई समझौता हुआ था?

संबित पात्रा ने राहुल गांधी और सोनिया गांधी पर नेशनल हेराल्ड केस का हवाला देते हुए कहा कि दोनों 50 हजार के मुचलके पर जमानत पर बाहर हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जो लोग खुद भ्रष्टाचार के मामलों में आरोपी हैं, वे विदेशी धरती पर जाकर भारत को अपमानित कर रहे हैं। पात्रा ने दावा किया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की चार्जशीट के अनुसार 988 करोड़ रुपये का फर्जी डोनेशन राहुल और सोनिया गांधी की जेब में गया है। उन्होंने कांग्रेस नेताओं पर 'चोर मचाए शोर' की नीति अपनाने का आरोप लगाया और कहा कि कांग्रेस पूरे देश में अशांति फैलाने की कोशिश कर रही है।

पात्रा ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ये नेता दावा करते हैं कि कोई संपत्ति बेची या ट्रांसफर नहीं की गई, इसलिए गड़बड़ी कैसे हुई? लेकिन ईडी की चार्जशीट में साफ कहा गया है कि एजेएल (एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड) की संपत्तियों का उपयोग समाचार पत्र कार्यालयों के रूप में नहीं बल्कि अपराध की आय के रूप में किया गया। दिल्ली के बहादुर शाह जफर मार्ग पर स्थित हेराल्ड हाउस, लखनऊ और भोपाल की प्राइम लोकेशन वाली संपत्तियों का हवाला देते हुए पात्रा ने कहा कि ये संपत्तियां पत्रकारिता के लिए नहीं बल्कि लाभ कमाने के लिए इस्तेमाल की गईं।

राहुल गांधी के विदेश में भारत के खिलाफ दिए गए बयानों की सूची लंबी होती जा रही है। मार्च 2023 में ब्रिटेन दौरे पर उन्होंने कैंब्रिज विश्वविद्यालय में लर्निंग टू लिसन इन द 21स्ट सेंचुरी विषय पर व्याख्यान देते हुए भारत में लोकतंत्र के खतरे की बात कही थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि भारत की सभी स्वतंत्र संस्थाओं पर कब्जा कर लिया गया है और विपक्ष की आवाज दबाई जा रही है। उनके इस बयान पर दिल्ली में एक वकील ने उनके खिलाफ शिकायत भी दर्ज कराई थी। सितंबर 2024 में अमेरिका के टेक्सास और वॉशिंगटन डीसी दौरे के दौरान राहुल गांधी ने सिख समुदाय की धार्मिक स्वतंत्रता को लेकर बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि भारत में सिखों को पगड़ी और कड़ा पहनने में घबराहट होती है। इस बयान को भाजपा ने झूठा और भयावह करार दिया था। उस दौरे पर राहुल गांधी ने चीन की नीतियों की प्रशंसा भी की थी, जिसे भाजपा ने भारत विरोधी करार दिया। उन्होंने अमेरिका में भारत विरोधी छवि वाले नेताओं जैसे इल्हान उमर से भी मुलाकात की, जिस पर विवाद हुआ।

जून 2023 में वॉशिंगटन डीसी में राहुल गांधी ने मुस्लिम लीग को धर्मनिरपेक्ष पार्टी बताया था। भाजपा ने इस पर भी तीखी प्रतिक्रिया दी थी और केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने इसे देश के बंटवारे का बीज बोने वाला बयान बताया। इससे पहले भी, 2018 में सिंगापुर और बहरीन दौरे पर उन्होंने भारत के खानपान की स्वतंत्रता को लेकर टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि भारत में यह तय नहीं किया जा सकता कि लोग क्या खाएं। उस समय देश में बीफ को लेकर चल रहे विवाद के बीच यह बयान और भी ज्यादा चर्चा में आया। मई 2022 में लंदन दौरे के दौरान राहुल गांधी ने भारतीय विदेश सेवा को अहंकारी बताया था। इस पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने तीखा पलटवार करते हुए कहा था कि यह अहंकार नहीं, बल्कि आत्मविश्वास है। उन्होंने राहुल के बयान को भारतीय राजनयिक प्रतिष्ठा को कमजोर करने वाला करार दिया था। इन सभी घटनाओं को मिलाकर देखा जाए तो राहुल गांधी पर यह आरोप लगातार लगता रहा है कि वे विदेश जाकर भारत की लोकतांत्रिक संस्थाओं और संवैधानिक व्यवस्थाओं को कटघरे में खड़ा करते हैं। भारतीय जनता पार्टी का आरोप है कि राहुल गांधी देश में नहीं बल्कि विदेश में बैठकर सियासत करने की कोशिश कर रहे हैं। बीजेपी यह भी कहती है कि भारत के लोकतंत्र की मजबूती का परिचय दुनिया को बार-बार देना पड़ रहा है क्योंकि राहुल गांधी जैसे नेता विदेशी मंचों पर भारत को गलत तरीके से प्रस्तुत करते हैं। भाजपा की यह भी मांग रही है कि देश की संवैधानिक संस्थाओं पर अविश्वास फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि भारत की प्रतिष्ठा को वैश्विक मंच पर नुकसान न हो। वहीं कांग्रेस का तर्क है कि वह लोकतंत्र की रक्षा के लिए सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ आवाज उठा रही है, चाहे मंच देश का हो या विदेश का। यह सियासी खींचतान फिलहाल थमने वाली नहीं लगती, खासकर तब जब देश एक और चुनावी दौर की तरफ बढ़ रहा है।

# तेज रफ़्तार स्कूटी सवार ने छात्र को मारी टक्कर, स्कूल प्रशासन ने दबाया मामला

**रियाजुल हक**

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत अटाला मस्जिद के सामने स्थित जौनपुर

**वीडियो वायरल**



पब्लिक स्कूल के बाहर उस समय हड़कंप मच गया जब एक तेज रफ़्तार स्कूटी सवार ने एक स्कूली छात्र को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद स्कूटी चालक मौके से फरार हो गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, छात्र स्कूल से बाहर निकल रहा था तभी तेज गति से आ रही स्कूटी ने उसे सामने से टक्कर मार दी। घायल छात्र को मौके पर मौजूद लोगों ने उठाया और स्कूल के अंदर ले गए। इस घटना के बावजूद स्कूल प्रशासन ने न तो पुलिस को सूचना दी और न ही प्राथमिक उपचार के बाद छात्र को अस्पताल पहुंचाया गया। बल्कि प्रशासन ने मामले को दबाने की कोशिश की।

हैरानी की बात यह है कि इस पूरी घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें टक्कर का दृश्य साफ तौर पर देखा जा सकता है। वीडियो के वायरल होने के बाद लोगों में आक्रोश फैल गया है और प्रशासनिक निष्क्रियता पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि आरोपी स्कूटी चालक की पहचान कर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, साथ ही स्कूल प्रशासन पर भी लापरवाही बरतने के आरोप में जांच होनी चाहिए।

# मेडिकल कालेज, जौनपुर से पैरामेडिकल का प्रथम बैच निकला, जूनियर ने सीनियर को दी विदाई

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। उमानाथ सिंह स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, जौनपुर में पैरामेडिकल के छात्रों ने विदाई समारोह का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। यह समारोह अंतिम (प्रवेश सत्र 2022-2023 प्रथम बैच) वर्ष के छात्रों के सम्मान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूवात दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई, जिसके बाद प्राचार्य प्रो० डा० रूचिरा सेठी अपने प्रेरणादायक विचार छात्रों के समक्ष रखें। उन्होंने कहाः 'आज का दिन एक नई शुरूआत का संकेत है। आप सभी ने इस संस्थान में न केवल शिक्षा प्राप्त की है, बल्कि अनुशासन, सेवा और मानवता के मूल्यों को भी सीखा है। पैरामेडिकल क्षेत्र एक ऐसा क्षेत्र है जहाँ आपकी ज्ञान और सेवा भावना सीधे मानव जीवन को प्रभावित करती है।' हम आशा करते हैं कि आप जहाँ भी जाएँ हमारे कालेज का नाम रोशन करें। आपके व्यवहार और कार्यशैली से यह झलकना चाहिए कि आप एक अच्छे इंसान और जिम्मेदार स्वास्थ्यकर्मी हैं।' प्राचार्या महोदय ने सम्बोधन के अन्त में विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। तपश्चात मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डा० ए०ए० जाफरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह विदाई केवल औपचारिकता है, हमारे दिलों से आपका



जुड़ाव सदा बना रहेगा। आगे बढ़िए, सपनों को साकार कीजिए और समाज की सेवा में आपना योगदान दीजिए।' उन्होंने छात्रों को यह भी याद दिलाया कि आने वाले समय में चुनौतियाँ अवश्य आएँगी, लेकिन आत्मविश्वास, मेहनत और सदैव सीखते रहने की जिज्ञासा ही सफलता की कुंजी है। उनका यह उद्बोधन सभी छात्रों के लिए प्रेरणास्त्रोत बना और समारोह के माहौल को भावुकता और उत्साह से भर दिया। पैरामेडिकल विभाग के नोडल डा० विनोद वर्मा ने छात्रों को अपने संबोधन में कहा 'विदाई केवल एक अंत नहीं, बल्कि एक नए सफर की शुरूआत है। आप सभी ने जिस समर्पण अनुशासन के साथ शिक्षा प्राप्त की है, वही गुण आपको सफलता के मार्ग पर आगे ले जाएगें।' उन्होंने छात्रों को आशीर्वचन देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की और यह संदेश दिया कि वे जहां भी जाएं, संस्थान का नाम रोशन करें। छात्रों ने रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से समारोह को यादगार बना दिया। जिसमें जूनियर छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमः नृत्य, गीत, नाटक और भाषण को प्रस्तुत कर अपने सीनियर्स को भावभीनी विदाई दी। सीनियर छात्रों ने भी मंच से अपने अनुभव साझा किए और कॉलेज व शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट किया। यह दिन सभी के लिए भावनात्मक और यादगार रहा। इस अवसर पर चिकित्सा शिक्षक, प्रो० डा० भारती यादव, प्रो० डा० उमेश सरोज, डा० राजश्री यादव, डा० चन्द्रभान, डा० हमजा अंसारी, डा० आदर्श, डा० मुदित चौहान, डा० पूजा पाठक, डा० पंकज कुमार, डा० प्रियंका सिह, डा० राजा तम्मा राव एवं अन्य चिकित्सक व छात्र/छात्राएं तथा कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# डीएम साहब ईरान से मंगवा दीजिए मेरे बेटे का शव

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। जिले का एक परिवार अपने बेटे का शव ईरान



से भारत लाने के लिए दर दर भटक रहा है, बेटे की मौत के गम में डूबा कुनबा आज जिलाधिकारी से मिलकर उसकी डेड बॉडी घर लाने की गुहार लगाई है। डीएम ने परिवार को आश्वासन दिया कि जल्द ही शव को भारत लाया जाएगा।

खुटहन थाना क्षेत्र के तिलवारी गांव के निवासी संदीप सिंह का बाईस वर्षीय पुत्र शिवेंद्र प्रताप सिंह बीते फरवरी माह में मर्चेंट नेवी के एक एमवी रासा नामक जहाज पर बतौर टेक्नीशियन ज्वाइन किया था। जहाज खाड़ी देश ईरान के किस-आइस-लैंड पोर्ट पर खड़ा था। 27 मार्च की शाम को मर्चेंट नेवी के जहाज पर दुर्घटना में उसकी दर्दनाक मौत हो गयी थी। वह घर का एकलौता चिराग था।यह मनहूस खबर मिलते ही उसके परिवार में कोहराम मच गया है। पीड़ित परिवार बेटे का शव भारत लाने के लिए दर दर भटक रहा है। आज पिता डीएम दिनेश चंद्र सिंह से मुलाकात करके बेटे का शव भारत लाने की गुहार लगाई।

# मेगा कैम्प लगाकर 70 वर्ष से अधिक वृद्धजनों का आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य जोरों पर

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत 70 प्लस सभी वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाने हेतु जिलाधिकारी द्वारा मेगा कैंप लगाकर कार्ड बनाये जाने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया।जिलाधिकारी ने बताया कि वरिष्ठजनो के कार्ड सभी पंचायत भवन, जिला पुरुष चिकित्सालय, जिला महिला चिकित्सालय, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रो पर, सभी जन सेवा केंद्रो पर, समस्त आशा के माध्यम से, समस्त सूचिबद्ध निजी चिकित्सालयों पर बनाये जा सकते हैं। 70 प्लस वरिष्ठजनों के आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड के जन्म तिथि के आधार पर बनाये जाने हैं इसमें किसी भी अन्य दस्तावेज की आवश्यकता नहीं हैं। वरिष्ठजन आयुष्मान कार्ड बनावाकर 5 लाख तक निःशुल्क ईलाज किसी भी सूचिबद्ध निजी चिकित्सालयों में व किसी भी राजकीय चिकित्सालयों में करवा सकते हैं। जनपद जौनपुर में कुल 35 निजी चिकित्सालय सूचिबद्ध हैं जहां पर लाभार्थियों का ईलाज करवाया जा सकता हैं। मुख्य कार्यपालक अधिकारी के निदेर्शानुसार 22 अप्रैल 2025 से 24 अप्रैल 2025 तक सरकारी सेवकों, सेवानिवृत्त समस्त सेवकों एंव उनके आश्रितों का विकास भवन के द्वितीय तल पर कैंप लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाया जायेगा जिसमें समस्त सरकारी सेवकों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों व उनके आश्रितों का कार्ड बनाया जाना हैं। समस्त सेवानिवृत्त कर्मचारियों से निवेदन हैं कि आप सभी अपना पं0 दीनदयाल उपाध्याय कैशलेस कार्ड बनाने हेतु पेंशन से सम्बन्धित दस्तावेज, आधार कार्ड, फोटो लेकर कैंप में आये व केंप का ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने का कष्ट करें। जनपद में अबतक कुल 1229704 लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं और 97950 लाभार्थियों के ईलाज हो चुके हैं जिनपर लगभग 160 करोड़ खर्च हुये हैं।

# देश की अखंडता के लिए 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' जरूरी, बार-बार चुनाव से रुकता है विकास

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की ओर से गुलाब बाग, सिगरा स्थित पार्टी कार्यालय पर भाजपा महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि के निर्देशन में 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' विषय पर संगोष्ठी आयोजित किया गया।गोष्ठी में मुख्य वक्ता के तौर पर बोलते हुए महानगर महामंत्री भाजपा जगदीश त्रिपाठी ने श्एक राष्ट्र - एक चुनावश को राष्ट्र की एकता व अखंडता के लिए जरूरी बताया। कहा कि देश की इतनी बड़ी आबादी को बार-बार चुनाव में नहीं झोंका जा सकता। चुनाव में होने वाली भारी भरकम खर्च को लेकर कहा कि बार-बार चुनाव होने से बहुत अधिक धन का व्यय होता है, जितना देश का शिक्षा का बजट है उसका आधा चुनाव में खर्च हो जाता है। आपातकाल और बाद में कई लोकसभाओं और विधानसभाओं के समय पूर्व विघटन ने एक साथ चुनाव की प्रथा को बाधित किया। उन्होंने एक साथ चुनाव के बहुत से फायदे गिनाए।




संयोजक डॉ रचना अग्रवाल ने गोष्ठी में कांग्रेस द्वारा अनुच्छेद 356 के दुरुपयोग पर प्रकाश डाला, जिसके तहत विभिन्न कांग्रेस सरकारों ने 90 राज्य सरकारों को भंग किया था। इस दुरुपयोग ने एक साथ चुनाव के चक्र को बाधित किया और देश में अलग-अलग समय पर चुनाव की प्रथा को बढ़ावा दिया। महिला मोर्चा क्षेत्रीय अध्यक्ष नम्रता चौरसिया ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव से सरकारी संसाधनों की बबार्दी रुकेगी। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए महिला मोर्चा अध्यक्ष व पार्षद कुसुम सिंह पटेल ने बंगाल में हिंदुओं पर हो रही हिंसा पर चिंता जताई तथा गोष्ठी से संबंधित अपने विचार व्यक्त किया।

गोष्ठी का संचालन महामंत्री प्रज्ञा पांडे तथा धन्यवाद ज्ञापन जिला अध्यक्ष विनीता सिंह ने दिया।भाजपा महानगर मीडिया प्रभारी किशोर सेठ के अनुसार गोष्ठी में मुख्य रूप से पूजा दीक्षित, मंजू सिंह, मीरा गुप्ता, आरती पाठक, साधना पांडेय, रिचा सिंह, नेहा कक्कड़, मीडिया प्रभारी अनीशा शाही, उषा अग्रहरि, रेनू द्विवेदी, सीमा ओझा, किरण मिश्रा, सोनिया जैन, मुमताज बानो सहित बड़ी संख्या में भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष और कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

# चितईपुर में थाना प्रभारी की अगुवाई में सघन चेकिंग अभियान, नियम उल्लंघन पर की गई कार्रवाई

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद के चितईपुर थाना क्षेत्र में आज थाना प्रभारी निकिता सिंह ने फोर्स के साथ



मिलकर बैंक और चौराहों पर सुरक्षा चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराना था। अभियान के दौरान चितईपुर चौराहे पर विशेष रूप से दोपहिया वाहनों की जांच की गई। चेकिंग के दौरान अवैध रूप से तीन सवारी बैठाकर चल रहे वाहनों को रोका गया और उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि इस प्रकार की लापरवाही न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन है, बल्कि इससे सड़क दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ जाती है।

निकिता सिंह ने बताया कि इस प्रकार की चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेंगे, जिससे लोगों में नियमों के प्रति जागरूकता बढ़े और कानून का सम्मान किया जाए। बैंक चेकिंग के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया गया और बैंक प्रबंधकों को सतर्क रहने की सलाह दी गई। स्थानीय लोगों ने इस अभियान की सराहना की और कहा कि इससे क्षेत्र में कानून व्यवस्था बेहतर होगी। थाना प्रभारी की सक्रियता और टीम की मुस्तैदी ने आम जनता में सुरक्षा की भावना को मजबूत किया है। इस तरह के कदम न केवल नियमों के पालन को सुनिश्चित करते हैं, बल्कि शहर में अपराधों की रोकथाम में भी अहम भूमिका निभाते हैं।

# पांडेयपुर में राजा साहिब बगीचा के समीप विवाहिता ने की आत्महत्या

**डॉ.एस.के. मिश्र,** वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद में सोनी वर्मा उम्र (25वर्ष) बताया जा रहा है.सोनी ने देर रात



ससुराल में ही अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। सुबह ससुराल वालों ने लड़की के पिता राय प्रकाश को फोन पर सोनी के मरने की सूचना दी सोनी मूलरूप से सिंधी ताली बसंत नगर चन्दौली की रहने वाली थी। सोनी की शादी 7 दिसंबर 2020 में बनारस के रहने वाले चन्दन सेठ नामक युवक के साथ हुई थी। मृतका के पिता का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वालों के द्वारा सोनी को परेशान किया जाता था। जिससे परेशान होकर रात में ही सोनी ने फांसी के फंदे पर झूलकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। सुबह घटना की सूचना घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सोनी का पति चंदन सेठ मौके से फरार है। वही मायके पक्ष के लोग अर्दली बाजार चौकी पर मौजूद है। पिता की मांग है कि आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही हो और मेरी बेटी को न्याय मिले सके।

# जफराबाद पुलिस शान्ति भंग के आरोप में 9 को किया गिरफ्तार

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी व शान्ति व्यवस्था बनाए रखने हेतु चलाये जा




रहे।विशेष अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक नगर के दिशा निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक जफराबाद के नेतृत्व में उ0नि0 संजय कुमार ,हो0गा0 संजय चौबे के ग्राम इमलो पाण्डेय पट्टी में गाड़ी ओवरटेक करने को लेकर आरोपीगण 1.सूरज पुत्र स्व0 पल्टनराम निवासी कादीपुर थाना जफराबाद जौनपुर उम्र करीब 22 वर्ष 2.राहुल पुत्र राजदेव निवासी कादीपुर थाना जफराबाद जौनपुर उम्र करीब 24 वर्ष 3.किशनलाल पुत्र स्व0 पल्टनराम निवासी कादीपुर थाना जफाबाद जौनपुर उम्र करीब 34 वर्ष 4.खुशबू पुत्र राजदेव निवासी कादीपुर थाना जफराबाद जौनपुर उम्र करीब 30 वर्ष 5.मनीष पुत्र रामदवर निवासी कादीपुर थाना जफराबाद जौनपुर उम्र करीब 27 वर्ष 6.छोटेलाल पुत्र स्व0 लक्ष्मीविन्द निवासी इमलो पाण्डेय पट्टी थाना जफराबाद जौनपुर उम्र 49 वर्ष 7.प्रमोद विन्द पुत्र ननकू विन्द निवासी इमलो पाण्डेय पट्टी थाना जफराबाद जौनपुर उम्र 37 वर्ष 8. शनि पुत्र फूलचन्द निवासी इमलो पाण्डेय पट्टी थाना जफराबाद जौनपुर उम्र 25 वर्ष 9. मदन विन्द पुत्र छोटेलाल विन्द निवासी इमलो पाण्डेय पट्टी थाना जफराबाद जौनपुर उम्र 22 वर्ष को गाड़ी ओवरटेक करने को लेकर शान्ति व्यवस्था भंग की आशंका के दृष्टिगत 09 अभियुक्तगण को अन्तर्गत धारा 170 बीएनएसएस मे गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए पेशी हेतुन्यायालय भेजा जा रहा है

## पट्टीदारी विवाद में पिता पुत्री घायल

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। खेतासराय क्षेत्र के गुरैनी गांव में सोमवार को पट्टीदारों के बीच हुई मारपीट में पिता समेत उनकी दो बेटियां घायल हो गई। पुलिस ने घायलों का पीएचसी सोंधी में उपचार कराने के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया है।मारपीट का कारण बताया पट्टीदारों के बीच खेत से पाइप ले जाने के दौरान मना करना बताया जा रहा है। एक दिन पूर्व गांव के शिवप्रसाद को पट्टीदार के खेत से ट्रैक्टर ले जाने पर मना कर दिया गया था। सोमवार को पट्टीदार अपने खेत में पानी ले जाने के लिए शिवप्रसाद के खेत में पाइप बिछाने लगा तो उसने मना कर दिया। इस पर पट्टीदारों में विवाद होने पर मारपीट हो गई। जिसमें 52 वर्षीय शिवप्रसाद, इनकी दो बेटियां 23 वर्षीय पूजा और 20 वर्षीय खुशबू घायल हो गई।

## अवैध तमंचा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा,** बदलापुर,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। कोतवाली पुलिस ने शाहपुर गौशाला के पास से एक आरोपी को अवैध तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।सोमवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए वीरेंद्र प्रताप यादव पुत्र परमहंस यादव, निवासी मोलनापुर थाना बदलापुर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के पास से अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## बसपा नेता संजय जायसवाल को हाईकोर्ट से भी नहीं मिली जमानत

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। मछलीशहर नगर पंचायत अध्यक्ष बसपा नेता संजय जायसवाल मुकदमा संख्या 298 में 105 दिन जिला जेल में बंद थे उसके बाद 18 फरवरी से मुकदमा संख्या 310 में रिमांड पर चल रहे हैं आज 63 दिन हो गया और आज बसपा नेता संजय जयसवाल के समर्थकों को लगा बड़ा झटका हाईकोर्ट से नहीं मिली जमानत अगली तारीख की रहेगी इंतजार बसपा नेता संजय जायसवाल जो लगभग 6 महीनों से जिला कारागार जौनपुर में बंद हैं वहीं इस मुकदमे में फरार चल रहे कुछ लोगों का मुम्बई में ईलाज चल रहा है और कुछ लोग मछली शहर में घूम रहे है अब देखना यह है कि पुलिस इन भूमिकाओं को जो मछलीशहर का तालाब, को भी बैनामा करा लें रहे हैं कब करतीं हैं गिरफ्तार। वहीं उत्तर प्रदेश सरकार भूमाफियाओं के खिलाफ कड़ी एक्शन ले रही है और मछली शहर में भू माफियाओं का बोलबाला बहुत तेजी से चल रहा है।

## जिलाधिकारी ने यूनियन बैंक की सिविल लाइन्स शाखा का किया औचक निरीक्षण

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र ने यूनियन बैंक की सिविल लाइन्स शाखा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान



जिलाधिकारी ने सीएम युवा उद्यमी योजना के लंबित आवेदनों के ससमय निस्तारण नहीं होने पर कड़ी नाराजगी जताई साथ ही शाखा का ऋण जमा अनुपात भी कम होने पर शाखा प्रबंधक चन्दन कुमार पर बैंक मैनेजमेंट द्वारा कड़ी कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिया। स्टेट बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय पहुँच कर क्षेत्र प्रमुख अनिल कुमार को सभी आवेदनों को अविलम्ब निस्तारित करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने स्टेट बैंक में सर्वाधिक आवेदन लंबित रहने पर कड़ी नाराजगी जताई। जिलाधिकारी द्वारा अग्रणी जिला प्रबंधक अभय श्रीवास्तव को सभी बैंकों की जनपद में लंबित सीएम युवा उद्यमी योजना के आवेदनों का शीघ्र निस्तारण, स्वीकृत ऋण पत्रावलियों के शीघ्र वितरण हेतु स्पष्ट निर्देश दिया।

## जिला अध्यक्ष अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में सफाई कर्मियों नें किया प्रदर्शन

केराकत,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ के आवाहन पर सोमवार को दोपहर दो बजे खण्ड विकास कार्यालय



पर सफाई कर्मियों ने बाह में काली पट्टी बांध कर प्रदर्शन करते हुये जमकर नारेबाजी किया। गौरतलब है कि जिला अध्यक्ष अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में सफाई कर्मियों ने ब्लाक पर उपस्थित होकर प्रदर्शन को अंजाम दिया। इस दौरान पुरानी पेंशन बहाली, निजीकरण का विरोध और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की नियुक्ति समेत अनेक मांगो की चर्चा करते नजर आये। इस अवसर पर अशोक कुमार, श्रीकेश त्रिपाठी, मनोज कुमार, प्रवीन कुमार, सुरेश कुमार, दीना नाथ, ज्ञानचंद, मधुबला मौर्या, रीना गुप्ता, आशा पाल, निमार्ला देवी, समेत दर्जनों सफाई कर्मी उपस्थित रही।

# चौथी पुण्यतिथि पर याद किए गए पत्रकार रिंकू श्रीवास्तव

◆ **पत्रकारों ने चित्र पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि**

खेतासराय,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। नगर के मीडिया कार्यालय पर गुरुवार की दोपहर दिवंगत पत्रकार रिंकू श्रीवास्तव की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया।इस अवसर पर पत्रकारों, समाजसेवी निजी संगठनों ने और उनके सहयोगियों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और पुष्पांजलि अर्पित कर उनके प्रति अपनी भावनाएं प्रकट किया।



कार्यक्रम का आरंभ मौन श्रद्धांजलि से हुआ, जिसके बाद उपस्थित पत्रकारों ने स्व0 रिंकू श्रीवास्तव के संघर्षशील जीवन, उनके समर्पण और पत्रकारिता के प्रति उनके दृष्टिकोण को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि रिंकू श्रीवास्तव न सिर्फ एक सजग और ईमानदार पत्रकार थे, बल्कि एक संवेदनशील और सहयोगी व्यक्तित्व के धनी भी थे, जिन्होंने हमेशा सामाजिक सरोकारों को प्राथमिकता दी।

वरिष्ठ पत्रकार आनंद सिंह ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा, स्व0 रिंकू ने पत्रकारिता के क्षेत्र में जो पहचान बनाई, वह युवा पत्रकारों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनका मिलनसार स्वभाव और सत्य के लिए प्रतिबद्धता आज भी हम सभी के दिलों में जीवित है। शाहगंज पत्रकार संघ के उपाध्यक्ष पत्रकार अजीम सिद्दीकी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, स्व0 रिंकू श्रीवास्तव का असमय जाना न केवल पत्रकारिता जगत बल्कि हम सभी सहयोगियों के लिए गहरी क्षति है। वे हमेशा कठिन परिस्थितियों में भी कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाले साथी थे। उनकी कमी हमेशा खलेगी।

श्रद्धांजलि सभा में वरिष्ठ पत्रकार सैय्यद तारिक,रामपूर्ती यादव, श्यामचंद्र यादव, हाजी जियाउद्दीन, विवेक श्रीवास्तव, सुरेश कुमार, औरंजेब खान,राकेश शर्मा, मनीष यादव सहित अनेक पत्रकार और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने स्वर्गीय रिंकू श्रीवास्तव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

गौरतलब है कि स्व. रिंकू श्रीवास्तव फरीदपुर जैगहा गांव के निवासी थे और क्षेत्रीय मीडिया में उन्होंने अपनी निष्ठा, निर्भीक लेखनी व कर्मठता से विशेष पहचान बनाई थी। कोरोना महामारी के दौरान उनका आकस्मिक निधन हुआ था, जो पत्रकारिता जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति के रूप में देखा जा रहा है। श्रद्धांजलि सभा का समापन उनके आदर्शों पर चलने और उनके अधूरे कार्यों को आगे बढ़ाने की संकल्पना के साथ किया गया।

कार्यक्रम का संचालन उमेश सिंह 'बाबा ने किया।

## एक वारण्टी गिरफ्तार

जौनपुर (उत्तरशक्ति)।थाना शाहगंज पुलिस टीम द्वारा 01 वारण्टी आरोपी को किया गया



गिरफ्तार।पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों/वारण्टी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे। अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के दिशा-निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी शाहगंज के निकट पर्यवेक्षण तथा प्र0नि0 शाहगंज के कुशल नेतृत्व में थाना शाहगंज पुलिस टीम द्वारा न्यायालय द्वारा जारी गिरफ्तारी वारण्ट मु0अ0सं0-243/2019 धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट से सम्बन्धित 01 वारण्टी (लाल पशु) 1. सोनू बनवासी पुत्र सुरेश बनवासी निवासी अरगूपुर कलां थाना शाहगंज जनपद को उसके घर से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए चालान सम्बन्धित न्यायालय किया गया।

## सरायख्वाजा पुलिस ने अवैध देशी शराब के साथ तीन को किया गिरफ्तार

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे ।विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के दिशा-निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में तथा प्र0नि0 सरायख्वाजा के कुशल नेतृत्व



में उ0नि0 ऋषिदेव यादव मय हमराह हे0का0 शशिप्रकाश सिंह, हे0का0विनय चौधरी, का0 कृष्णानन्द यादव के रवाना शुदा तलाश वाछिंत अभियुक्त आदि से अभियुक्तगण 1.रमेश विन्द पुत्र वासू ग्राम अब्बोपुर थाना खेतासराय जनपद-जौनपुर उम्र करीब 40 वर्ष 2. कमला पुत्र स्व0 पुर्नवासी ग्राम पोरई खुर्द थाना खेतासराय जनपद-जौनपुर उम्र करीब 48 वर्ष 3. श्यामदेव पुत्र अच्छेलाल ग्राम अब्बोपुर थाना खेतासराय जनपद जौनपुर उम्र 41 वर्ष के कब्जे से 95 पाउच प्रति पाउच 50एमएल व एक प्लास्टिक की पिपिया मे 5 लीटर अवैध देशी शराब बरामद हुई जिन्हें गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## महाराजगंज पुलिस ने 2 वारण्टी आरोपी को किया गिरफ्तार

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों/वारण्टीयों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के दिशा-निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी बदलापुर के निकट पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक



महाराजगंज के कुशल नेतृत्व में थाना महाराजगंज पुलिस टीम द्वारा न्यायालय द्वारा जारी गिरफ्तारी वारण्ट मु0नं0 8797/2023धारा 323 /504/506/427 भादवि से सम्बन्धित 02 वारण्टी आरोपीगण 1.विजय पाल बिन्द पुत्र रामलाल बिन्द उम्र करीब 55 वर्ष 2. मुरलीधर बिन्द पुत्र विजयपाल बिन्द उम्र 25 वर्ष निवासी गण ग्राम गोन्दालपुर थाना महाराजगंज जनपद जौनपुर को आज दिनांक 21.04.2025 गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

# बाबा साहेब आंबेडकर जयंती पर मेडिकल कैंप 25 अप्रैल को



**वसई रोड।** वसई रोड भाजपा द्वारा ब्रह्मपुर स्थित बुद्ध बिहार में डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की जयंती के अवसर पर भाजपा द्वारा ‘सम्मान अभियान’ के तहत एक भव्य मेगा चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम 25 अप्रैल शुक्रवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक ब्रह्मपुर स्थित बुद्ध विहार में आयोजित किया जा रहा है। सामाजिक प्रतिबद्धता के रूप में आयोजित इस पहल में विभिन्न चिकित्सा विशेषज्ञ अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। इस शिविर में आम जनता को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, रक्तचाप, मधुमेह, दंत चिकित्सा, नेत्र जांच, स्त्री रोग जांच जैसी विभिन्न सेवाएं प्रदान की जाएंगी। जरूरतमंद मरीजों को मुफ्त दवाइयां और उपचार संबंधी सलाह भी दी जाएगी। कार्यक्रम के उद्घाटन पर पालघर सांसद हेमंत सावरा, नालासोपारा विधायक राजन नाइक, वसई विधायक स्नेहा दुबे पंडित उपस्थित रहेंगे। अभियान समन्वयक उत्तम कुमार, सह-संयोजक दिलीप गायकवाड़ और युवा समन्वयक सिद्धेश तावड़े ने बताया कि यह पहल भाजपा के ‘सम्मान अभियान’ के तहत लागू की जाएगी।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर घायल हुए साधू की मौत




श्रावस्ती (उत्तरशक्ति)। कटरा मथुरा मार्ग पर साइकिल सवार साधू को रविवार रात अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इसमें साधू मार्ग किनारे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची कटरा पुलिस ने उसे एंबुलेंस से सीएचसी इकौना पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने साधू को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेज दिया है। इकौना क्षेत्र के ग्राम कंजड़वा निवासी सज्जन (50) पुत्र भगवाने साधू है। वह साइकिल से आसपास क्षेत्र में जाकर मंदिर में भंडारा व मंदिर निर्माण के लिए चंदा एकत्र करता था। रविवार को भी वह साइकिल से चंदा एकत्र करने गया था। रविवार देर रात वापस आते समय कटरा मथुरा मार्ग पर अज्ञात वाहन ने साइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर में साधू गंभीर रूप से घायल हो गया। देर रात राहगीरों ने मार्ग किनारे साधू को बेहोश देख इसकी सूचना कटरा पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने साधू को एंबुलेंस से सीएचसी इकौना पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने सज्जन को मृत घोषित कर दिया।

# जाफराबाद लूट का पदार्फाश करने में पुलिस विफल

**जौनपुर(उत्तरशक्ति)।** जिले के जफराबाद थाना क्षेत्र में बीते बृहस्पतिवार की रात को जफराबाद बाईपास पर स्कार्पियो सवार बदमाश एक पिकअप मैक्स को लूटकर फरार हो गए। इसके पदार्फाश के लिए पुलिस लगी हुई है। लेकिन स्कॉर्पियो सवार और पिकअप मैक्स लूटने वाले लोग पुलिस के लिए सिर दर्द बन गए है। घटना के बाद जिले के आला अधिकारी ने बयान में कहा था कि अगर घटना का खुलासा 24 घंटे के अंदर नहीं होता है तो जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जायेगी। लेकिन 24 घंटा क्या 48 घंटे से अधिक बीत जाने के बाद भी स्कार्पियो सवार और पिकअप मैक्स लूटने वाले बदमाश पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि पुलिस के अधिकारी कार्यवाही की बात कहकर उसे भूल जाते है। जिससे उनके प्रति विश्वास कम होता है और अपराधियों के हौसले बढ़ते जाते है। उक्त लूट की घटना के 24 घंटे के बजाय 48 घंटे से अधिक होने के बाद भी पुलिस के अधिकारी ने कोई कार्रवाई नहीं किया। इस बात की चर्चा है कि जब थानाध्यक्ष पर मंत्री और अधिकारियों की छत्रछाया है तो अपराधियों हौसले बुलंद होगें। इस रवैये पर लगाम लेने के लिए पुलिस प्रशासन को ग्रामीणों में विश्वास पैदा करना होगा नहीं तो क्षेत्र और थाना राम भरोसे ही चलेगा।

# किन्नरों ने सड़क पर शव रखकर किया विरोध, दुष्कर्म के बाद हत्या का लगाया आरोप

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के पाण्डेयपुर के निकट सड़क दुर्घटना में हुई किन्नर की मौत के बाद सोमवार की सुबह शव को थाने के सामने सड़क पर रखकर किन्नरों ने चक्काजाम कर दिया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। किन्नरों का उग्र रूप देखकर पुलिस के हाथ-पांव फूल गये। बताते हैं कि बीते शनिवार की शाम स्थानीय थाना क्षेत्र के सरायरूस्तम गांव निवासी अंजली किन्नर 30 वर्ष कार से ड्राइवर कोदहूं निवासी अम्बुज मौर्या के साथ प्रयागराज गयी थी। रविवार को सुबह लौटते समय पाण्डेयपुर गांव के पास गाड़ी खाई में चली गयी। हादसे में किन्नर अंजली की मौत हो गयी जबकि ड्राइवर अंबुज को गम्भीर हालत में वाराणसी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। किन्नर अंजली मौत को लेकर रविवार की शाम हत्या करने का मुकदमा दर्ज किए जाने के लिए किन्नरों ने मुंगराबादशाहपुर थाना में जमकर हंगामा किया।सोमवार की सुबह पोस्टमार्टम के बाद अंजली का शव घर पहुंचते ही किन्नरों में आक्रोश फैल गया और शव को लेकर थाने पर पहुंच गये। शव को सड़क पर रखकर किन्नरों ने चक्काजाम कर दिया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। किन्नरों के आक्रोश को देखकर पुलिस के पसीने छूट गये। किन्नरों के चक्काजाम से सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लम्बी कतारें लग गयीं।किन्नरों को समझाने के लिए पुलिस प्रशासन को पसीने बहाने पड़े।किन्नरों का आरोप है कि गाड़ी के ड्राइवर व उसके साथियों द्वारा किन्नर अंजली के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया, फिर उसकी हत्या कर दी गयी। इस सम्बन्ध पूछे जाने पर थानाध्यक्ष विनोद मिश्र ने बताया कि तहरीर के आधार पर चालक अम्बुज मौर्या सहित उसके 5 अज्ञात साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। आरोपी ड्राइवर अम्बुज मौर्या को वाराणसी के अस्पताल में पुलिस ने अपनी कस्टडी में ले लिया है।

# महेश सरवणकर भाजपा वसई रोड मंडल अध्यक्ष के रूप में फिर से चुने गये

**वसई (उत्तरशक्ति)।** भारतीय जनता पार्टी का संगठन पर्व चल रहा है। संगठन पर्व के तहत संगठनात्मक चुनाव चल रहे हैं। वसई रोड बोर्ड के ऊर्जावान और कुशल अध्यक्ष महेश सरवणकर को बहुमत से वसई रोड मंडल का पुनः अध्यक्ष चुना गया है। प्रभावी नेतृत्व क्षमता वाले महेश सरवणकर को वसई रोड मंडल के अध्यक्ष के रूप में पुनः निर्वाचित किये जाने से वसई रोड मंडल के कार्यकताओं में उत्साह का माहौल है। जैसे ही उनके पुनः निर्वाचित होने की घोषणा हुई, वसई रोड मंडल के भाजपा कार्यकताओं ने खुशी मनाई। अगस्त 2023 में महेश सरवणकर को भारतीय जनता पार्टी वसई रोड मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। अपने कार्यकाल के अंतिम ढाई वर्षों के दौरान, उन्होंने वसई रोड



मंडल में भारतीय जनता पार्टी को बढ़ाने के लिए जोरदार प्रयास किया। वसई रोड ने पार्टी द्वारा दी गई सभी कार्यक्रम जिम्मेदारियों को सफलतापूर्वक पूरा करके शहर के हर घर तक पहुंचने का हर संभव प्रयास किया। पार्टी के झंडे फहराने से लेकर पार्टी के पर्चे बांटने और हर त्योहार पर बधाई बैनर लगाने तक, वसई रोड ने शहर में भाजपा जैसा माहौल बना दिया। इसके परिणाम लोकसभा और विधानसभा चुनावों में देखे गए। उन्होंने लोकसभा चुनाव में वसई रोड मंडल से 9000 वोटों का बहुमत और विधानसभा चुनाव में वसई रोड मंडल से 11552 वोटों का बहुमत हासिल करने में प्रमुख भूमिका निभाई। महेश सरवणकर के पुनः निर्वाचित होने से वसई रोड शहर में उत्साह और शुभकामनाओं का माहौल है।

महेश सरवणकर ने कहा हमारे मार्गदर्शक रविन्द्र चव्हाण, तत्कालीन पालकमंत्री एवं वर्तमान भारतीय जनता पार्टी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष, साथ ही प्रदेश सचिव एवं पालघर जिला प्रभारी रानिताई द्विवेदी, संगठन महामंत्री कोंकण विभाग हेमंतजी म्हात्रे, वसई विधानसभा प्रभारी भरतजी सोनार, प्रदेश युवा मोर्चा के सचिव अशोकजी शेलके, तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष एवं वर्तमान विधायक राजन नाईक, जिला अध्यक्ष महेंद्रजी पाटिल के कुशल नेतृत्व के कारण अगस्त 2023 में उन्होंने मुझ पर विश्वास कर मुझे वसई रोड मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी थी। मैंने इसे कुशलतापूर्वक और निस्वार्थ भाव से निभाया और वसई रोड मंडल में निष्ठावान कार्यकताओं के साथ एक पार्टी संगठन बनाया। जिससे पिछले 20 महीनों में भारतीय जनता पार्टी वसई रोड मंडल में नंबर एक पार्टी बन गई। इस अवसर पर बोलते हुए महेश सरवणकर ने कहा कि उन्हें इस संबंध में वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों से बहुमूल्य सहयोग मिला है। अब मैं पार्टी का आभारी हूं कि उन्होंने मुझे फिर से वसई रोड बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में काम करने का अवसर दिया। अब से वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन के साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी की वर्तमान विधायक माननीय स्नेहाताई दुबे पंडित के सहयोग से तथा आगामी नवनियुक्त जिला अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के सहयोग से मैं वसई विरार महानगरपालिका में भारतीय जनता पार्टी का परचम लहराने का पूरा प्रयास करूंगा।

# गोवंशो की संवेदनशीलता के प्रति जनता से अपील

**जौनपुर (उत्तरशक्ति)।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र ने बताया है कि शासन के द्वारा गोवंशो के संवर्धन और उनके कल्याण के लिए गोशाला के माध्यम से सुविधाएं दी रही है। जिनके लिए शासन के द्वारा अनुमन्य धनराशि भी दी जाती है। जो भी किसान भाई, व्यापारी और अन्य दानदाता है जिनके मन में गोवंशों के प्रति एक संवेदनशीलता लाने के लिए एक मुहिम चलाई गयी है। हम निर्धारित मात्रा में भूसा क्रय भी कर रहे हैं और साथ ही हरे चारे के प्रबंधन के लिए लगातार ग्राम सभा की भूमि पर नेपियर घास की बोआई करा रहे है। जनपद की समस्त गौशालाओं के आसपास नेपियर घास का रोपण इस समय युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। उन्होंने अपील किया है कि सभी सम्मानितजन अपनी सामर्थ्य तथा स्वेच्छा से भूसा अवश्य दान करें। प्रत्येक तहसील में सर्वाधिक भूसा दान करने वाले कुछ संभ्रांत नागरिकों को जिलाधिकारी के द्वारा सम्मानित किया जाएगा। सभी लोग मिलकर इसमें सहयोग करें । इस समय गर्मी का समय है अपने अपने छतों पर पानी रखें, थोड़ा दाना रखें, जिससे कि पक्षियों को भी दाना और पानी मिले, उन्होंने सभी से नेपियर घास रोपित करने के लिए अपील भी की। उन्होंने नेपियर घास की उपयोगिता के बारे में बताया कि नेपियर घास कई प्रकार से फायदेमंद है इसकी बुवाई में बेहद कम खर्च आता है। वर्मी कंपोस्ट तथा गोबर के माध्यम से इसकी पैदावार कई गुना बढ़ जाती है। वर्ष में एक बार बोने पर इसे न्यूनतम 6 बार काटा जा सकता है। यह एक ऐसा हरा चारा है जिसमें 12 से 14 प्रतिशत तक प्रोटीन तथा 70 प्रतिशत फाइबर होता है। यह दुधारू पशुओं के लिए, उनके स्वास्थ्य के लिए बहुत उपयोगी है यह लगातार 12 महीने तक हरा रहता है इससे कम खर्चे में अधिक उत्पादन कर सकते हैं। हमारा प्रयास है कि सामान्य किसान भी इसे रोपित करें।उन्होंने कहा कि जनपद के ऐसे किसान, जिन्होंने नैपियर घास की खेती की है वो इसकी सूचना व्हाट्सएप नंबर 7985912030 पर अवश्य दे

# उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किए गए बरेका के पीआरओ राजेश कुमार एवं डीआईओ सुरेंद्रनाथ पाल

**सुरेश गांधी**

**वाराणसी।** राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस के अवसर पर सोमवार को पब्लिक रिलेशन्स सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई), वाराणसी चैप्टर के तत्वावधान में सुंदरपुर स्थित धीरेंद्र महिला पीजी कॉलेज में सम्मान समारोह एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर जनसंपर्क क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु बरेका के जन संपर्क अधिकारी राजेश कुमार एवं सहायक निदेशक सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, उत्तर प्रदेश सुरेंद्रनाथ पाल को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में सार्वजनिक संबंधों की भूमिका विषयक संगोष्ठी




का आयोजन भी किया गया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नरेंद्र मेहता ने ऑर्गेनाइजेशन में एआई के उपयोग एवं नैतिक चुनौतियों पर अपनी अंतर्दृष्टिपूर्ण टिप्पणियाँ साझा कीं। साथ ही विशेषज्ञ व्याख्यान बनारस हिंदू विश्वविद्यालय जनसंपर्क विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अनुराग दवे, सहायक जनसंपर्क अधिकारी, काशी हिंदू विश्वविद्यालय, डॉ. चंद्रशेखर एवं सीओओ, सनबीम ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इन्स्टिट्यूशन श्री संदीप मुखर्जी द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के समावेशी एवं प्रभावी उपयोग विषय पर दिया गया।

स्वागत एवं अभिवादन पब्लिक रिलेशन्स सोसाइटी ऑफ इंडिया के सचिव श्री प्रदीप कुमार उपाध्याय द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समन्वयन धीरेन्द्र महिला पीजी कॉलेज के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. ममता पांडेय एवं संयुक्त सचिव, पीआरएसआई हर्ष अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पत्रिकारिता एवं जनसंचार विभाग के ऐसोसिएट प्रोफेसर डॉ. बाला लखेंद्र जी, मनोहर लाल, ज्ञानेंद्र उपाध्याय एवं डॉ. अंशुमान राणा सहित सभी ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर सचिव प्रदीप कुमार उपाध्याय ने कहा, ‘पीआरएसआई पूरे देश में स्थानीय सहयोगियों के साथ मिलकर लगातार राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस को सजीव और सार्थक बना रहा है। हमारा लक्ष्य है समाज में पारदर्शिता बढ़ाना और संवाद को सशक्त करना है। कार्यक्रम को संपन्न कराने में पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया बनारस चैप्टर के ज्ञानेन्द्र उपाध्याय, महेश सेठ, शशांक कुमार एवं देवव्रत पाठक का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

# वसई विरार भाजपा जिला कार्यकर्ता ने किया प्रदर्शन



वसई रोड। वसई-विरार जिले में भारतीय जनता युवा मोर्चा ने वसई-विरार कांग्रेस कार्यालय वसई गांव पार नाका के सामने विरोध प्रदर्शन किया और कांग्रेस पार्टी के भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार को लोगों के सामने उजागर किया। सोनिया गांधी और राहुल गांधी को जनता के सामने जवाब देना होगा! देशद्रोहियों और भ्रष्ट लोगों के लिए कोई माफी नहीं है। जब हम कांग्रेस भवन की ओर मार्च कर रहे थे तो कांग्रेस कार्यकताओं ने हमें रोकने की कोशिश की। लेकिन हम रुकेंगे नहीं - क्योंकि यह सच्चाई, पारदर्शिता और देश के भविष्य की रक्षा के लिए लड़ाई है। भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय हित के लिए लड़ने वाली पार्टी है और हमारा हर कार्यकर्ता भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने के लिए तैयार है।

हम पुरजोर मांग करते हैं कि राहुल गांधी और सोनिया गांधी को गिरफ्तार किया जाए। इस बार उनके साथ प्रदेश महासचिव निखिल दादा चौहान, जिला महामंत्री अभय कक-ड़, मनोज पाटिल वसई विधानसभा अध्यक्ष, जिला युवा अध्यक्ष विनीत तिवारी, प्रदेश सचिव, अशोक शेलके, जिला उपाध्यक्ष राजू मात्रे, जिला उपाध्यक्ष उत्तम कुमार, प्रदेश महिला सचिव अपर्णा पाटिल महिला मोर्चा सचिव और मिनी उपाध्याय जिला उपाध्यक्ष भाजपा और प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य युवा मोर्चा जिला महासचिव योगेश सिंह, पवन सिंह जिला उपाध्यक्ष युवा राजन सिंह, युवा मोर्चा शहर अध्यक्ष अमन वैश्य, कुणाल गुप्ता, रोहित गुप्ता, सिद्धेश भांगे, धीरज गुप्ता, कल्पेश पांडे, देवदत्त मेहर, मनमित राऊत, गोविंद मिश्रा, आकाश दुबे, दुर्गेश पाटिल, विनय पाटिल, मुकेश मंडल, हरिकेश कनौजिया, नीलेश घरत एवं अन्य प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# छत पर सो रहे किसान के बेटे की डंडे से पीटकर हत्या

बांदा (उत्तरशक्ति)। कोतवाली क्षेत्र के मुरवल गांव में रविवार की रात छत पर सो रहे किसान के बेटे की कनपटी पर डंडा मारकर हत्या कर दी। पिता को आशंका है कि मझले बेटे ने हत्या की है। उनका कहना है कि रात में गेहूं की फसल को लेकर दोनों में कहासुनी हुई थी। हालांकि उन्होंने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। घटना के बाद मझला बेटा घर पर नहीं है। शशिपाल तिवारी ने बताया कि वह 60 बीघा जमीन के काश्तकार हैं। तीन बेटे और दो बेटियां हैं। बताया कि रविवार की रात बड़ा बेटा मुकेश तिवारी (40) शराब के नशे में घर आया। उसका मझले बेटे कृष्णकांत तिवारी से खेत में पड़ी गेहूं की फसल उठाने को लेकर विवाद हो गया। इस पर मां सावित्री ने दोनों को समझाकर शांत करा दिया। इसके बाद मुकेश छत पर सोने चला गया। कृष्णकांत



बाहर वाले कमरे में सो गया। सोमवार की सुबह मां ने छत पर जाकर देखा तो मुकेश का खून से लथपथ शव बिस्तर पर पड़ा था। कनपटी से खून बह रहा था। सूचना पर पहुंचे बबेरू सीओ सौरभ सिंह, बबेरू कोतवाल बलराम सिंह और फॉरेंसिक टीम ने जांच की। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल व अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने भी घटनास्थल का जायजा लिया। पिता ने आशंका जताई कि कृष्णकांत ने घर के पीछे से चढ़कर मुकेश की कनपटी पर डंडा मारकर हत्या की है। पुलिस ने घर से कुछ दूर स्थित कुएं से डंडा भी बरामद किया है। सीओ सौरभ सिंह ने बताया कि पिता की तहरीर पर फिलहाल अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस जांच कर रही है। मझला भाई घटना के बाद से फरार है। पिता शशिपाल तिवारी के मुताबिक मझले बेटे कृष्णकांत तिवारी का तीन साल से मानसिक स्वास्थ्य ठीक नहीं है। बीच-बीच में उसका मानसिक संतुलन खराब हो जाता है। इसी कारण उन्होंने कृष्णकांत की शादी भी नहीं की थी। यह भी बताया कि बेटा मुकेश तिवारी अहमदाबाद में नौकरी करता था। पिता का पैर टूटने पर वह जनवरी में घर आया था। मुकेश का पत्नी अंकिता से नौ साल से भरण-पोषण का मुकदमा चल रहा है। पत्नी मायके में रह रही है।

# पीएम मोदी की नीतियों से दुनिया में बढ़ा भारत और भारतीयों का सम्मान



परिहार की ऑस्ट्रेलिया में विदेश विभाग सेवा प्रदाता से मुलाकात

**विशेष संवाददाता**

**सिडनी।** भारत में प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी की कार्यप्रणाली, नीतियों और उनके प्रभावी नेतृत्व से दुनिया भर के विभिन्न देशों सहित ऑस्ट्रेलिया में भारतीय समाज को पहले के बजाय ज्यादा सम्मान मिल रहा है। यह बात ऑस्ट्रेलिया में भारतीय दूतावास, भारतीय उच्चायुक्त एवं विदेश विभाग से संबद्ध सेवा प्रदाता दीपक पढ़ियार ने भारतीय राजनीतिक विश्लेषक निरंजन परिहार से एक विशेष मुलाकात में कही।

उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में भारत और भारतीयों का सम्मान बढ़ा है, और विदेश मंत्री एस जयशंकर लगातार दुनिया के विभिन्न देशों से भारत के रिश्ते मजबूत करने में सफल रहे है। सिडनी स्थित इंडियन वीजा एंड काउंसलेट सर्विसेस के ऑस्ट्रेलियाई कार्यालय में हुई इस मुलाकात के दौरान राजनीतिक विश्लेषक निरंजन परिहार ने उनसे अनिवासी भारतीय समाज की ऑस्ट्रेलिया में स्थित पर चर्चा की एवं भारत से ऑस्ट्रेलिया में पढ़ने आने वाले छात्रों की मुश्किलों को कम करने पर अपनी राय दी। ऑस्ट्रेलिया में विदेश मंत्रालय संबद्ध सेवा प्रदाता दीपक पढ़ियार ने कहा कि पूरी दुनिया के देशों में भारतीय छात्रों को जो सहायता सुलभ है, उसके मुकाबले ज्यादा सुविधाएं भारतीय छात्रों को ऑस्ट्रेलिया में हासिल है।

साथ ही भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कूटनीतिक नीतियों से यहां सभी भारतीयों का भी सम्मान बढ़ा है। दीपक पढ़ियार मूल रूप से गुजरात में डीसा के निवासी हैं और वर्तमान में सिडनी में ऑस्ट्रेलियाई अनिवासी भारतीयों के राजनयिक कार्यों में संलग्न है। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्री एस जयशंकर लगातार दुनिया भर के देशों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों के अनुरूप भारत की अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा को प्रस्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं। इससे आने वाले समय में भारतीय छात्रों को वैश्विक स्तर पर और सुविधा सुलभ होगी।

# रेलवे स्टेशन व ट्रेनों में चोरी करने के आरोपी को जीआरपी ने किया



**गिरफ्तार गोरखपुर (उत्तरशक्ति)।** रेलवे स्टेशन व ट्रेनों में चोरी करने के आरोपी चोर को जीआरपी ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान अयोध्या के कोतवाली क्षेत्र के बेनीगंज निवासी शहजादे के रूप में हुई। उसके पास दो एंड्रायड मोबाइल मिले हैं, जिसकी कीमत करीब 20 हजार रुपये बताई जा रही है। पूछताछ में उसने गोरखपुर रेलवे स्टेशन से मोबाइल चोरी करने की बात स्वीकार की है। आरोपी के विरुद्ध जीआरपी थाने में गैंगस्टर समेत आठ केस दर्ज हैं। रेलवे एसपी संदीप कुमार मीना के मार्गदर्शन में यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिगत रेलवे स्टेशन, सकुर्लेटिंग एरिया, ट्रेनों में अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब की तस्करी व चोरी की घटनाओं के रोकथाम व बरामदगी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के क्रम में पुलिस उपाधीक्षक रेलवे विनोद कुमार के पर्यवेक्षण में जीआरपी ने रविवार को रेलवे स्टेशन गेट नंबर एक पर स्थित पीपल के पेड़ के पास से शहजादे को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से चोरी की दो अदद मोबाइल बरामद कर जब्त कर लिया। पुलिस उपाधीक्षक रेलवे विनोद कुमार ने बताया कि पूछताछ में आरोपी शहजादे ने बताया गया कि रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म व ट्रेन के अंदर कई यात्रियों का मोबाइल चोरी कर चुका हूं।










